नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं...

# दिव्य आकाश

यत्र नारी पूज्यंते तत्र रमंते देवता:

शुभ ॥ नवरात्रि ॥

सुविचार
एक सुखद जीवन के लिए मस्तिष्क में सत्यता और हृदय में पवित्रता जरूरी है।

कोरबा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

वर्ष-15,अंक -26 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 04 से 10 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ-8 मूल्य रू. 3.00



## खाने की लालच में दुर्गा पंडाल में घुसा भालू

**कांकेर, एजेंसी।**

कांकेर जिले में शनिवार की रात खाने की लालच में एक भालू दुर्गा पंडाल के अंदर घुस गया। वो तेल पीने की कोशिश करने लगा। पंडाल में सोए लोग भालू की आवाज सुनकर हड़बड़ा गए। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

दरअसल, कांकेर ब्लॉक के लारगांव में रखे दुर्गा पंडाल में कुछ ग्रामीण सो रहे थे। इसी बीच भोजन की तलाश में निकला भालू तेल की सुगंध और मिठाई की खुशबू से पंडाल के भीतर आ धमका। भालू को घुसता देख ग्रामीण चौकन्ने हो गए। जैसे ही भालू पंडाल में स्थापित ज्योति कलश के पास पहुंचा, तो ग्रामीण चिल्लाने लगे।

**भालू ने पंडाल पर मारा पंजा**

लोगों की आवाज सुनकर भालू पंडाल से निकलने की कोशिश में पंडाल को फाड़ने पंजे मारते रहा। लंबी कोशिश के बाद भालू सामने गेट के रास्ते से भाग निकला। वहीं, ग्रामीणों की सूझबूझ से सोए ग्रामीण समय रहते भालू के शिकार होने से सुरक्षित बच गए।

## साय दिल्ली पहुंचे: शाह 6 राज्यों के सीएम के साथ लेंगे नक्सल आपरेशन पर मीटिंग



**रायपुर/ नई दिल्ली, एजेंसी।**

रायपुर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था- हम मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद खत्म कर देंगे। इसके 41 दिन बाद 4 सितंबर को दंतेवाड़ा-नारायणपुर बॉर्डर पर जवानों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया। अब दिल्ली में सोमवार को बड़ी बैठक होने जा रही है।

सीएम विष्णुदेव साय दिल्ली पहुंचे हैं। बैठक में आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों को भी बुलाया गया है। दिल्ली रवाना होने से पहले सीएम साय ने कहा-9 महीने में बड़ी कार्रवाई नक्सलियों पर की गई है। उन्होंने कहा कि, अब तक 191 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। ये बदलाव का संकेत है। बस्तर के युवा फोर्स में शामिल होकर माओवादी को खदेड़ रहे हैं। अमित शाह के सामने सीएम साय प्रदेश में चल रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन की जानकारी रखेंगे।

# चेन्नई में एयर शो देखने गए तीन लोगों की मौत

### हीटस्ट्रोक के चलते 200 से ज्यादा बेहोश हुए; मरीना बीच पर जुटी थी लाखों की भीड़

**चेन्नई ( एजेंसी )।**

8 अक्टूबर को भारतीय वायुसेना के 92वें स्थापना दिवस से पहले रविवार को चेन्नई में एयर शो हुआ। इसे देखने के लिए मरीना बीच पर लाखों की संख्या में लोग जमा हुए। भारी भीड़ और गर्मी के चलते तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 200 से ज्यादा लोग बेहोश हो गए। मृतकों की पहचान श्रीनिवासन (48), कार्तिकेयन (34) और जॉन (56) के नाम से हुई है।

इस एयर शो को देखने के लिए 13 लाख लोगों की भीड़ जुटी थी, इसके चलते इसका नाम लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गया है। यह शो सुबह 11 बजे शुरू हुआ और दो घंटे तक चला। हालांकि, लोग 8 बजे से ही मरीना बीच पर जुटने लगे थे। इस दौरान तापमान 36 डिग्री तक पहुंच गया था।

**एयर शो में पानी की व्यवस्था नहीं, रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मची**

कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एयर शो देखने गए लोगों ने बताया कि बीच पर पीने के पानी की भी व्यवस्था नहीं थी। लोगों घंटों तक प्यासे बैठे रहे। वहीं, 1 बजे शो खत्म होने के बाद एक साथ लोग वहां से निकले जिसके चलते रास्तों पर ट्रैफिक जाम हो गया। भारी भीड़ के चलते एक लोकल रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मच गई। अलग-अलग मेट्रो स्टेशन पर भी ऐसी ही भीड़ देखने को मिली।

**चेन्नई के मरीना बीच पर 13 लाख लोग एयर शो देखने पहुंचे**



**एयर शो में सारंग, तेजस ने बनाए फॉर्मेशन**

वायुसेना के एयर शो में राफेल, सूर्यकिरण और सारंग समेत 72 एयरक्राफ्ट्स ने करतब दिखाए। शो का सबसे बड़ा अट्रैक्शन पॉइंट प्रथम विश्वयुद्ध में इस्तेमाल हार्वर्ड ञ्-6त्र टैक्सन एयरक्राफ्ट रहा। भारतीय वायुसेना ने 1974 तक हार्वर्ड को इंटरमीडिएट ट्रेनर के रूप में इस्तेमाल किया था। शो में एडवांस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस, सारंग, सुखोई 30 स्त्र्यद्ध, ष्ट17, ष्ट-295, अपाचे, लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर प्रचंड, डकोटा जैसे हैरिटेज एयरक्राफ्ट भी शामिल हुए।

**चेन्नई में 21 साल बाद एयर शो**

21 साल के बाद चेन्नई में कोई फ्लाईपास्ट और एरियल डिस्प्ले शो हुआ। भारतीय वायुसेना ने तीसरी बार स्थापना दिवस पर होने वाला एयर शो दिल्ली से बाहर आयोजित किया। पिछले साल यह शो 8 अक्टूबर 2023 को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम क्षेत्र में हुआ था। 2022 में इसे चंडीगढ़ में रखा गया था।

# मां बम्लेश्वरी मंदिर में भगदड़ से महिला की मौत

### धमतरी की रहने वाली थी मृतक, नवरात्रि में पहली बार डोंगरगढ़ पहुंचे ढाई लाख से ज्यादा श्रद्धालु

**राजनांदगांव, एजेंसी।**

डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन के दौरान भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में एक महिला की जान भी चली गई। बताया जा रहा है कि, एक लाख की क्षमता वाली जगह पर नवरात्रि में करीब ढाई लाख श्रद्धालु पहुंच गए। घटना शनिवार रात 12 बजे के आस-पास की है।

जानकारी के मुताबिक, शनिवार की रात जब भीड़ बढ़ी तो श्रद्धालुओं को देर रात बैरिकेड्स लगाकर रोक दिया गया। इसके बाद जब उन्हें दर्शन करने के लिए छोड़ा गया, तो एकाएक भगदड़ मच गई। इसकी चपेट में कई युवा, महिला और बुजुर्ग श्रद्धालुओं भी आ गए।

**धमतरी की रहने वाली थी महिला**

इस भगदड़ में धमतरी निवासी 36 साल की सोनल साहू गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। महिला को सुबह 5 बजे इलाज के लिए डोंगरगढ़ अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। एडिशनल एसपी राहुदेव शर्मा ने इसकी पुष्टि की है।

**दम घुटने से गई महिला की जान**

बीएमओ बीपी एक्का का कहना है कि, महिला सफोकेशन (दम घुटने) के कारण बेहोश होकर गिर गई थी। इसे इलाज के लिए यहां लाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही महिला की मौत हो चुकी थी। पोस्टमॉर्टम के बाद उनके परिजनों को शव सौंप दिया गया है।



**अधिक भीड़ के चलते हुआ हादसा**

राजनादगांव कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि, डोंगरगढ़ में बड़ी संख्या में भक्त पहुंच गए थे। हमने स्थानीय लोगों से बात की तो उन्होंने बताया कि ऐसी ऐतिहासिक भीड़ यहां पहले कभी नहीं आई थी। भीड़ के चलते ही हादसा हुआ है।

**श्रद्धालु जल्दबाजी न करें, अपनी बारी का करें इंतजार- कलेक्टर**

दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं से कलेक्टर ने आग्रह किया है कि उपवास, पैदल चलने और भीड़ के कारण घबराहट और बैचेनी हो सकती है। श्रद्धालु दर्शन के लिए जल्दबाजी न करें। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। बुजुर्ग, बच्चों, माताओं और दिव्यांगजनों को दिक्कत हो सकती है। उनका ध्यान रखते हुए सभी अपनी बारी आने पर दर्शन करें।

## कांग्रेस-एनसी अलायंस में आने को तैयार पीडीपी

**श्रीनगर ( एजेंसी )।**

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल जारी होने के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रेसिडेंट फारूक अब्दुल्ला ने खुशी जताई है कि एनसी और कांग्रेस मिलकर सरकार बनाते दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीडीपी हमसे जुड़ने के लिए तैयार है, ये बेहद अच्छी बात है।

दरअसल, एग्जिट पोल सामने आने के बाद PDP नेता जुहैब यूसुफ मीर ने बयान दिया कि भाजपा को सत्ता से बाहर रखने के लिए वे नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के साथ गठबंधन करने को तैयार हैं।

PDP नेता के इस बयान को लेकर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें बधाई हो। उनकी सोच अच्छी है, हम सभी एक राह पर हैं। नफरत को हमें खत्म करना है और जम्मू-कश्मीर को इकट्ठा रखना है।

शनिवार को जारी हुए एग्जिट पोल्स में एनसी कांग्रेस की सरकार बनती नजर आ रही है। 10 पोल में से 5 नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन की सरकार बना रहे हैं, जबकि 5 में वह बहुमत से 10 से 15 सीटें दूर दिख रही है। पार्टी को 40 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा 30 सीटें ला सकती है। पीडीपी और अन्य की 10-10 सीटें आएंगी।

## स्त्री-2 कोरियोग्राफर जानी मास्टर से नेशनल अवॉर्ड वापस लिया गया

**अमरावती ( एजेंसी )।**

नाबालिग असिस्टेंट से रेप के आरोपी जानी मास्टर से बेस्ट कोरियोग्राफर का नेशनल अवॉर्ड छीन लिया गया है। मिनिस्ट्री ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग ने रविवार को इसकी जानकारी दी। जानी के खिलाफ उनकी असिस्टेंट रही लड़की ने 15 सितंबर को तेलंगाना के साइबराबाद रायदुर्गम पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करवाई थी।

## इजरायल ने बेरूत को बनाया बारूद का ढेर

**जेरूसलम ( एजेंसी )।** इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच चल रहे संघर्ष में तनाव एक नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। इजरायल ने हाल ही में लेबनान की राजधानी बेरूत के मध्य इलाके में हवाई हमले किए जिससे बेरूत बारूद का ढेर बन चुका है। इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच दक्षिणी लेबनान में भीषण झड़पें चल रही हैं। इजराइल ने पिछले दो हफ्तों से लेबनान में हवाई हमले तेज कर रखे हैं, जिसके कारण लगभग 12 लाख लोग बेघर हो चुके हैं।

## महासमुंद में 25 लाख के गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद ( एजेंसी )।**

महासमुंद जिले में राजस्थान पासिंग एक ट्रक से 25 लाख रुपए से ज्यादा का 170 किलो 560 ग्राम गांजा पकड़ा गया है। कबाड़ हो चुके ट्रांसफॉर्मर के बीच बोरियों में छिपाकर गांजा ले राजस्थान ले जाया जा रहा था। बागबाहरा पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

शनिवार की रात पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर नेशनल हाईवे 353 में संचालित रामदेव राजस्थानी ढाबा के पास खड़े ट्रक को पकड़ा। ट्रक कबाड़ हो चुके ट्रांसफॉर्मर से भरा हुआ था।

**ट्रांसफॉर्मर के बीच मिली बोरियां**

पुलिस ने जब ट्रक की तलाशी ली तो ट्रांसफॉर्मर के बीच 6 प्लास्टिक की बोरियां मिली। बोरियों को खंगाला तो उसमें गांजा मिला। पुलिस ने मौके पर ही इलेक्ट्रॉनिक कांटे से गांजे का वजन कराया तो 6 बोरियों में कुल 170 किलो 560 ग्राम गांजा था।




**पसान रेंजर दहायत का बड़ा कारनामा**

# स्टाप डेम के नाम पर करोड़ों के घोटाले की बू

### स्टाप डेम को अधूरा बताकर 1.58 करोड की अतिरिक्त मांग,सीसीएफ ने लिया संज्ञान

**कटघोरा ( दिव्य आकाश )।**

कटघोरा वन मंडल में भ्रष्टाचार का जिन्न एक बार फिर बाहर आ गया है। दूरस्थ और निगरानी से वंचित पसान रेंज में भ्रष्टाचार के मामलों की लंबी फेहरिस्त बनती जा रही है, जहां वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी बेखौफ होकर सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं। स्टॉप डेम के नाम पर लाखों रुपए की हेराफेरी की आशंका जताई जा रही है।

यह मामला तब उभर कर आया जब 5-6 साल पहले स्वीकृत हुए स्टॉप डेम के लिए अब पुनरीक्षित दर से राशि की मांग की गई। हैरानी की बात यह है कि कुछ ऐसे स्टॉप डेम के लिए भी धन की मांग की गई है, जिनकी स्वीकृति ही नहीं मिली थी। मुख्य वन संरक्षक



(सीसीएफ), बिलासपुर वन वृत्त ने इस गड़बड़ी को पकड़ते हुए कटघोरा वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) से इस पर सवाल उठाए हैं और जवाब तलब किया है।

**पसान रेंज का चर्चित घोटाला**

पसान वन परिक्षेत्र, जो पहले भी पौधारोपण और स्टॉप डेम निर्माण में गड़बड़ियों को लेकर सुर्खियों में रहा है। एक बार फिर से भ्रष्टाचार के मामलों में घिर गया है। यहां कैम्पा मद के तहत वर्ष 2018-19 में स्वीकृत स्टॉप डेम अब तक विवादों में घिरे हुए हैं और पूरा नहीं हो पाए हैं। हाल ही में इन स्टॉप डेमों के लिए पुनरीक्षित दर से करोड़ों (करीब 1.58 करोड़) रुपए की मांग की गई है, जिससे संदेह बढ़ गया है कि कहीं एक बार फिर से सरकारी धन का दुरुपयोग तो नहीं हो रहा।

**उच्च अधिकारियों द्वारा उठाए गए सवाल**

मुख्य वन संरक्षक ने इस मामले में डीएफओ से कई अहम सवाल पूछे हैं, जिनसे साफ होता है कि वन विभाग में भारी अनियमितताएं चल रही हैं। सवालों में पूर्व और वर्तमान प्राक्कलन में अंतर, पहले व्यय की गई राशि का हिसाब-किताब और स्टॉप डेम की डिज़ाइन में किए गए बदलाव शामिल हैं। इसके साथ ही यह सवाल भी उठाया गया है कि जिन डेमों की स्वीकृति ही नहीं मिली थी, उनके लिए धन की मांग किस आधार पर की गई है। अधिकारी ने यह भी पूछा है कि अगर पहले गलत प्राक्कलन तैयार किया गया था, तो इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी पर क्या कार्रवाई की जाएगी।

प्रतिक्रिया जानने रेंजर दहायत को फोन लगाया गया, लेकिन पूर्ववत की भांति वे फोन नहीं उठाये। इस बार कार्यवाही तय मानी जा रही है।

# कांग्रेस नेताओं के करीबी रहे ठग पर इनाम घोषित

## रायपुर पुलिस ने जांच आयकर को सौंपी, कारोबारी को 500 करोड़ के प्रोजेक्ट का दिया था झांसा

**रायपुर ( एजेंसी )।**



कांग्रेस नेताओं के करीबी रहे बिलासपुर के निवासी के के श्रीवास्तव पर पुलिस ने इनाम घोषित किया है। आरोपी लंबे वक्त से फरार चल रहा है और रायपुर पुलिस इसे पकड़ने के लिए कई ठिकानों में रेड कार्यवाही कर चुकी है।लेकिन आरोपी अब तक गिरफ्त से बाहर है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी का पता बताने पर 10 हजार का इनाम रखा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस को आरोपी के के श्रीवास्तव के खाते की जांच करने में करीब 30 करोड़ रुपए के लेन-देन की जानकारी मिली है। इसके अलावा आरोपी से जुड़े पांच अन्य बैंक खाते भी मिले हैं जिसमें करीब 300 करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ है। हालांकि ये बैंक खाते ईडब्ल्यूएस मकानों में रहने वाले लोगों के नाम पर है। करोड़ों रुपए के लेनदेन को देखते हुए पुलिस ने आयकर विभाग को इसकी जांच सौंप दी है। फिलहाल इस मामले में आगे की जांच पड़ताल के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी।

**क्या था पूरा मामला जानिए...**

एफआईआर के मुताबिक ठगी उत्तर प्रदेश के रावत एसोसिएट के मालिक अर्जुन रावत के साथ हुई है। जून 2023 में उनकी मुलाकात एक धर्मगुरु के माध्यम से केके श्रीवास्तव से हुई। श्रीवास्तव ने तेलीबांधा लाभांडी स्थित एक अपार्टमेंट में रावत से मुलाकात की।

**कांग्रेस नेताओं का करीबी बताया**

जहां श्रीवास्तव ने खुद को कई कांग्रेस नेताओं का करीबी बताया। रावत का देश भर में हाईवे, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, कंस्ट्रक्शन और बिल्डिंग निर्माण से संबंधित कारोबार से जुड़े हैं। वे अपनी कंपनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ में काम के नए टेंडर लेना चाहते थे।

**गारंटी मनी के नाम पर लिए रुपए**

बताया जा रहा है कि आरोपी श्रीवास्तव ने अर्जुन रावत से प्रोजेक्ट के लिए 15 करोड़ गारंटी मनी और परफॉर्मेंस सिक्योरिटी के नाम पर वसूल किए। उसने ठेकेदार को 500 करोड़ का काम दिलाने की बात कही थी। इसके लिए श्रीवास्तव ने उसे प्रोजेक्ट के कई फर्जी दस्तावेज भी दिखाए। इसके अलावा एक फर्जी कंपनी का मेमोरेंडम भी तैयार करके भेजा। ताकि चीजें ऑफिशियल लगे। पीड़ित ने इस रकम को अलग-अलग किश्तों में भुगतान किया था। जब ठेकेदार को लंबे समय तक स्मार्ट सिटी का टेंडर नहीं मिला तो उसे ठगी का एहसास हुआ। जिसके बाद पीड़ित ने रायपुर के तेलीबांधा थाने में 2 महीने पहले शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**पिता-पुत्र पर एफआईआर, जांच जारी**

इस मामले में पुलिस ने केके श्रीवास्तव और उसके बेटे कंचन श्रीवास्तव को आरोपी बनाया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज तैयार करना, जान से मारने की धमकी और क्रिमिनल तरीके से प्लानिंग करने की धाराओं में मामला दर्ज किया है। आरोपी पर 6 धाराएं लगी हैं। फिलहाल, दोनों पिता-पुत्र पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस पिछले 1-2 महीने से दोनों आरोपियों की तलाश में बिलासपुर स्थित अज्ञेय नगर और दूसरे जगहों पर छापा मारा था। लेकिन वे दोनों वहां पर नहीं मिले तो पुलिस ने आसपास पूछताछ कर वापस लौट आई थी।

# छत्तीसगढ़ में रोजाना 1 लाख लोग बन रहे भाजपाई:60 लाख टारगेट, 32 दिन में 32 लाख बने सदस्य

**रायपुर ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ में हर दिन करीब 1 लाख लोग भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ले रहे हैं। भाजपा नेताओं का दावा है कि 3 सितंबर से लेकर अब तक 32 लाख लोगों ने सदस्यता ली है। ये सदस्यता मिस कॉल और ऑफलाइन फॉर्म भर के ली गई है।

पार्टी ने प्रदेश में 60 लाख लोगों को सदस्यता दिलाने का टारगेट रखा गया है। बीजेपी नेताओं का कहना है कि छत्तीसगढ़ में अब तक भाजपा की सदस्यता लेने का पार्टी का ही अपना रिकॉर्ड टूट चुका है। हालांकि अभी आवेदनों की स्क्रूटनी बाकी है।



आवेदन करने वालों के दस्तावेजों की जांच जांच शक्ति केंद्रों, बूथ स्तर और मंडल स्तर से होगी। फिर बैकग्राउंड चेक होगा। यदि वह व्यक्ति अन्य किसी दल का सदस्य होगा, या आपराधिक रिकॉर्ड होगा तो उसकी सदस्यता रद्द कर दी जाएगी।

**बैठक लेकर जारी किया निर्देश**

भाजपा के सभी नगर अध्यक्षों, जिलाध्यक्षों और सदस्यता अभियान प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि पार्टी का सदस्य बनाते वक्त पूरी सावधानी बरतें। स्क्रूटनी के दौरान प्राथमिक सदस्य की अपराधी छवि मिलने पर संगठन को जानकारी मांगी जा रही है। इसे लेकर भाजपा की सदस्यता कमेटी से जुड़े प्रदेश के अलग-अलग जिलों और मंडलों में बैठक लेकर शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ प्रभारी और मंडल स्तर के पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर रहे हैं।

# शराब घोटाला मामला: अनवर-अरुणपति के खिलाफ पूरक चालान पेश

## कस्टम मिलिंग घोटाले में 26 अक्टूबर तक न्यायिक रिमांड पर रहेंगे आरोपी

**रायपुर ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में शनिवार को ईडी कोर्ट में पूरक चालान पेश किया गया। कारोबारी अनवर ढेबर और आबकारी विभाग के निलंबित अधिकारी एपी त्रिपाठी के खिलाफ चालान पेश किया गया है।

वहीं, 5000 हजार से अधिक पन्नों से ज्यादा का अभियोजन परिवाद भी पेश हुआ है। इसमें 180 पेज की समरी और 1 हार्ड डिस्क शामिल है। इसमें अनवर ढेबर और एपी त्रिपाठी के खिलाफ कई आरोप लगाए गए हैं। अभी दोनों जेल में बंद हैं।

**छापे के दौरान बरामद दस्तावेजों का विवरण**

विशेष लोक अभियोजक श्रष्ठ के वकील सौरभ पांडेय ने पेश किए गए चालान में बताया गया कि, शराब घोटाला के संबंधित नेक्सेस और किस तरह घोटाला किया गया उसकी जानकारी है। वहीं, सिंडिकेट में कौन लोग शामिल थे। छापेमारी के दौरान बरामद किए गए दस्तावेजों का ब्योरा भी चालान में शामिल है। वसूली की रकम का फायदा लेने वाले लोगों की इनमें जानकारी दी गई है।

**ये जेल में बंद**

शराब घोटाले मामले में रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा, करोबारी अरविंद सिंह और त्रिलोक ढिल्लन, अनवर ढेबर और एपी त्रिपाठी जेल में बंद है। वहीं, इस मामले में अगली सुनवाई 18 अक्टूबर को होगी।

कस्टम मिलिंग मामले में शनिवार को रायपुर के ईडी कोर्ट में मनोज सोनी और रोशन चंद्राकर की पेशी हुई। इस दौरान कोर्ट ने दोनों को 26 अक्टूबर तक के लिए जेल भेज दिया है। ज्यूडिशियल रिमांड खत्म होने के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया था।

# पेड़ से टकराई कार धू-धूकर जल गई

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा जिले में मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में कार में भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि कार में ड्राइवर फंस गया था, लेकिन राहगीर और पुलिस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद ड्राइवर को बाहर निकाला। मामला दर्री थाना क्षेत्र के, एनटीपीसी कॉलोनी का है।

मिली जानकारी के मुताबिक गाड़ी धू-धूकर जल गई। हादसे में ड्राइवर का पैर भी फैक्चर हो गया है। सिर पर भी गंभीर चोट आई है। घटना के बाद घायल के परिजनों को सूचना दी गई है, जहां अस्पताल पहुंचे।

**फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पाया काबू**

बताया जा रहा है कि रात लगभग 12 बजे तेज एनटीपीसी के विभागीय



कॉलोनी में एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। कार इतनी तेज रफ्तार में थी कि हादसे के बाद वाहन में देखते ही देखते आग लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी गई, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

दर्री पुलिस ने बताया कि अगर फौरन ड्राइवर को कार से बाहर नहीं निकाला जाता तो उसकी जान जा सकती थी। गाड़ी जलकर राख हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। हादसे को लेकर जांच कर रही है।

# अवधूत आश्रम की ओर से वृद्धाश्रम और अस्पताल में मच्छरदानी वितरण





**बालकोनगर ( दिव्य आकाश )।**

विश्व वृद्धजन दिवस के अवसर पर अवधूत भगवान राम सेवाश्रम, बालकोनगर की ओर से नवदृष्टि समाजसेवी संस्थान द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों को मच्छरदानी वितरित किए गए। इसके अलावा कोरबा के 100 बेड हॉस्पिटल के मरीजों को भी मच्छरदानी दिए गए। अवधूत भगवान राम सेवाश्रम के 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित अभियान के बारे में बालकोनगर शाखा महामंत्री संतोष शांडिल्य ने बताया कि जरूरतमंदों की सेवा की दृष्टि से समय-समय पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। दु:ख से पीड़ित लोगों की मदद और उन्हें सन्मार्ग की ओर प्रेरित करने के लिए अवधूत भगवान राम सेवाश्रम के स्वयंसेवी सदैव तत्पर हैं। मच्छरदानी वितरण कार्यक्रम में बालको के पूर्व कार्यकारी निदेशक पी.एन. शर्मा, उनकी धर्मपत्नी एवं अवधूत भगवान राम सेवाश्रम बालकोनगर की संरक्षक श्रीमती इंदु शर्मा, संयुक्त मंत्री सत्येंद्र दुबे एवं संजय मालगे, श्रीमती हेमलता शांडिल्य, श्रीमती राजकुमारी देवांगन सहित आश्रम के अनेक स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट भागीदारी की।

## 12 तक चंद्रपुर रूट पर नहीं घुसेंगे भारी वाहन

**जांजगीर।** चंद्रपुर में माता के दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी से बचाने के लिए प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है। प्रशासन ने आदेश जारी कर दशहरा यानि 12 अक्टूबर तक हाइवा, ट्रेलर, ट्रक और अन्य भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्णत: रोक लगा दी है। इससे पहले प्रशासन ने 30 सितंबर को वाहनों के लिए नो एंट्री की समय सीमा नगर पंचायत चन्द्रपुर के सीमा क्षेत्र में क्वांर नवरात्रि से दशहरा पर्व तक सुबह 05 बजे से रात्रि 10 बजे तक रखा था।

# महंत दंपत्ति ने देवी मन्दिरों में की पूजा-अर्चना,मांगी क्षेत्र व प्रदेश की खुशहाली और विकास


**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

प्रदेश नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत और उनके पुत्र सूरज महंत ने रविवार को देवी मंदिरों में पहुंचकर दर्शन पूजन-अर्चन कर क्षेत्र-प्रदेश की जनता की खुशहाली और उन्नति की कामना की.

अपने दो दिवसीय प्रवास पर मां दंपति ने रतनपुर महामाया मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद पाली ब्लॉक के ग्राम लाफा स्थित प्राचीन महामाया-काली मंदिर पहुंचकर पूजा आराधना किया. वहां पर उपस्थित महिलाओं, ग्रामीण और कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात की और उनकी मांग पर दो स्थल पर चबूतरा निर्माण की घोषणा की. तत्पश्चात वे चैतुरगढ़ स्थित आदि शक्ति मां महिषासुर मर्दिनी के दरबार पहुंचे. माता के दरबार में माथा ठेका. विधिवत पूजा अर्चना की. दर्शन आरती करने के पश्चात भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया.

मंदिर परिसर में प्रज्वलित सैकड़ो की संख्या में आस्था के दीपों के दर्शन किए. मंदिर में पहुंचे दर्शनार्थियों से भी उन्होंने भेंट की. धार्मिक एवं जनकल्याण ट्रस्ट के पदाधिकारी ने उनका स्वागत और सम्मान किया. उनकी मांग पर सांसद श्रीमती महंत ने 35 लाख के विकास कार्यों की अनुशंसा भी की. इसके बाद वे पाली महामाया देवालय पहुंचे. जहां बैगा ने विधि विधान से पूजा कराई.यहां भी मंदिर समिति ने इनका आत्मीय स्वागत किया. महंत दंपति ने विकास कार्यों के लिए यहथासंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

चैतमा में महामाया देवी मंदिर में माता के दर्शन के पश्चात कार्यकर्ताओं और जनता से मुलाकात की. कुशल क्षेम पूछा और उनकी मांगों पर यथोचित कार्रवाई का आश्वासन भी दिया.इस दौरान पूर्व विधायक मोहित राम केरकेट्टा, सांसद प्रतिनिधि प्रशांत मिश्रा, हरीश परसाई, यशवंत लाल, राम नारायण कश्यप,त्रिलोक श्रीवास, सुरेश गुप्ता, अमित भदौरिया, अनिल गुप्ता, दीपक जायसवाल, सत्यनारायण पैकरा,रत्नेश गुप्ता,सत्य नारायण श्रीवास, पूनीराम पटेल, सावित्री श्रीवास, मुन्ना दास,सुमन आदि अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।





# शिवाजी नगर के डांडिया ग्राउंड में गरबे की धुन पर जमकर थिरक रहे हैं कदम



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

पूरा कोरबा जिला इन दिनों डांडिया-गरबा के माध्यम से माता रानी की आराधना में जुटा हुआ है। जगह-जगह पूजा-पण्डालों के परिसर में गरबा की धूम मची हुई है। शिवाजी नगर के डांडिया ग्राउंड में रात 8 बजे के बाद से गरबे की धुन पर कदम थिरक रहे है। रंग बिरंगी रोशनी में घुला आस्था और उल्लास का रंग के साथ ढोल की थाप,गुजराती और डांडिया रास के मनमोहक गीतों पर शिवाजी नगर के साथ कोरबा के लोग झूम रहे हैं।

गरबा खेलने के लिए महिला-पुरूष और बच्चे खासकर युवा वर्ग उत्साह के साथ पहुंचा। गरबा महोत्सव में महिलाओं और युवतियों में ज्यादा उत्साह नजर आया। गरबा महोत्सव में पारंपरिक माहौल में पारंपरिक वेशभूषा के साथ कोरबावासी भागीदारी कर रहे हैं। समिति के सदस्यों द्वारा सुरक्षा का भी खास ख्याल रखा जा रहा है, जिससे कि गरबा डांडिया करने आए नारी शक्ति को कोई परेशानी ना हो। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को हर रोज पुरस्कृत भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रथम पुरस्कार उपासना शर्मा एवं द्वितीय पुरस्कार सोनम को दिया गया। शिवाजी नगर डांडिया गरबा उत्सव समिति के द्वारा जिला प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए रविवार से डांडिया उत्सव के समय में परिवर्तन किया गया है। डांडिया रात्रि 8 बजे से शुरू होकर 10.30 बजे तक ही चलेगा इसलिए समय का विशेष ध्यान रखते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को कार्यक्रम में पहुंचने का निवेदन समिति के द्वारा किया गया है।

## खाट पर शव लेकर 7 किमी पैदल चले परिजन

**सरगुजा ( एजेंसी )।** सरगुजा जिले में एक छात्र की कुन्नी में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद परिजन शव को खाट पर रखकर 7 किलोमीटर पैदल चले। क्योंकि जंगल के कच्ची सड़कों पर वाहनों का चलना मुश्किल है। ग्रामीणों ने ही इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। यह मामला लखनपुर विकासखंड का है। दरअसल, घटोन तक सड़क नहीं बनी है। पटकुरा गांव तक ही वाहन पहुंच पाते हैं। इसके बाद ग्रामीण पैदल सात किलोमीटर की पहाड़ी चढ़कर घटोन गांव पहुंचते हैं। इससे पहले भी गांव के लोगों ने एक बीमार व्यक्ति को पैदल ले जाने का वीडियो वायरल किया था।



# यूथ हॉस्टल ने चलाया मिशन मुस्कान

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा इकाई सीजी राज्य ने 6 अक्टूबर 2024 को सेवा भारती आश्रम में मिशन मुस्कान का आयोजन किया। YHAI कोरबा इकाई की महिला सदस्यों ने सेवा भारती आश्रम में एक चैरिटी कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने ड्राइंग, चम्मच दौड़, म्यूजिकल चेयर, नृत्य, आकृतियों को पहचानें का आयोजन किया। आश्रम के बच्चों के लिए रंग, फल और सब्जियां, रैंप वॉक आदि।

सदस्यों ने आगामी त्योहारों के लिए नए कपड़े वितरित किए। YHAI ने आश्रम को किताबें, लैक्टोजेन, बेबी डायपर, डस्टिंग पाउडर भी दान किया। इस कार्यक्रम के लिए बच्चों को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। बच्चों को मिठाइयाँ, फल और चॉकलेट भी दिये गये। कार्यक्रम का आयोजन रीना मिश्रा, कल्पना सेठ एवं शिव कुमारी के नेतृत्व में किया गया। टीम की मदद करने वाले अन्य सदस्य पीएल मिरेंद्र, सतीश शुक्ला, संदीप सेठ, सीमा शुक्ला, विशाल जैन, मनोज मिश्रा, प्रीति सोनी, श्रीमती जैन आदि थे। प्रोग्राम का समापन दोपहर के भोजन उपरांत हुआ। ये प्रोग्राम मुस्कान अभियान के तहत किया गया ।



नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं...

# दिव्य आकाश

कोरबा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 04 से 10 अक्टूबर 2024






**सुविचार**

एक सुखद जीवन के लिए मस्तिष्क में सत्यता और हृदय में पवित्रता जरूरी है।



## 11 हजार ज्योति कलश से जगमगा रहा माँ सर्वमंगला देवी का दरबार

**कोरबा (दिव्य आकाश)।** माँ सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा कोरबा के प्रबंधक एवं पुजारी नन्हा महराज (नमन पाण्डेय) ने बताया कि इस नवरात्रि 11 हजार ज्योत जलाए गए हैं। 11 हजार भक्तों एवं उनके परिवार की सुख-समृद्धि की मनोकामना के साथ ये ज्योत माँ के श्री चरणों में अर्पित किया गया है।



सर्व कल्याण की भावना के साथ दीप प्रज्वलित करते सपत्नीक नमन पाण्डेय

## ज्योत जलाने से तामसिक प्रवृत्ति का होता है नाश

माँ सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा के प्रबंधक एवं पुजारी नमन पाण्डेय ने कहा कि माता के दरबार में मत्था टेकने से ही जीवन में सुख-शांति आती है, साथ ही जो भक्त मनोकामना ज्योति कलश जलाते हैं और माँ के सम्मान में अर्पित करते हैं, उनकी आकांक्षाएं पूर्ण होती हैं और घर में ऐश्वर्य एवं समृद्धि का वास होता है। नौ दिन तक सात्विक जीवन जीने से घर का कलह दूर होता है और घर में लक्ष्मी का वास होता है। सभी ब्याधियां दूर होती हैं और परिवार सम्पन्न बनता है।

## आस्था का सैलाब...



वैसे तो 365 दिन माँ सर्वमंगला देवी मंदिर दर्शन करने श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं, लेकिन नवरात्र प्रारंभ होते ही आस्था का सैलाब देखने को मिल रहा है। अल सुबह से देर शाम लोगों की लंबी लाईन बनी रहती है।

## गोवा में आरएसएस नेता के बयान से विवाद

**क्रिश्चियन कम्युनिटी ने गिरफ्तारी की मांग की, राहुल बोले- भाजपा तनाव पैदा कर रही**

**पणजी, एजेंसी।**

गोवा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व राज्य यूनिट प्रमुख सुभाष वेलिंगकर के एक बयान के बाद विवाद बढ़ गया है। रविवार को क्रिश्चियन कम्युनिटी ने उनकी गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। वेलिंगकर ने तीन दिन पहले कहा था कि- कैथोलिक मिशनरी संत फ्रांसिस जेवियर के अवशेषों का डीएनए टेस्ट कराया जान चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संत को गोयंचो सायब (गोवा का संरक्षक) नहीं कहा जा सकता। इस मामले पर राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा गोवा में सांप्रदायिक तनाव पैदा कर रही है। एक आरएसएस नेता ने ईसाइयों को उकसाने वाला बयान दिया है और संघ संगठनों ने मुसलमानों के आर्थिक बहिष्कार का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में संघ परिवार की ऐसी कई कार्रवाई बिना किसी रोक-टोक के जारी हैं, जिन्हें ऊपर से समर्थन मिल रहा है। यहां भाजपा लोगों को बांटने की राजनीति कर रही है।

## कांग्रेस के मंच पर महिला नेता से छेड़छाड़, सैलजा बोलीं- सख्त कार्रवाई हो


**चंडीगढ़, एजेंसी।**

हरियाणा में कांग्रेस के मंच पर महिला नेता से छेड़छाड़ की गई। इस दौरान वहां खड़े दूसरे नेता ने इसे रोका। छेड़छाड़ से महिला नेता बहुत असहज और नाराज नजर आईं। जिस वक्त ये घटना हुई, रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी मंच पर मौजूद थे। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो 3 सितंबर को नारनौंद में हुई रैली का है। जहां छेड़छाड़ हुई, वह मंच कांग्रेस के उम्मीदवार जस्सी पेटवाड़ का था। कांग्रेस ने यहां से सैलजा के करीबी समर्थक अजय चौधरी का टिकट काटकर हुड्डा ग्रुप से जुड़े जस्सी पेटवाड़ को दी है। सुश्री सैलजा ने कहा-कड़ी कार्रवाही हो।

## चारों तरफ गरबा की धूम



## जगह-जगह माँ दुर्गा की दिव्य प्रतिमाएं एवं भव्य पंडाल





**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** नवरात्रि प्रारंभ होते ही चारों तरफ लाईटिंग की रोशनी से शहर जगमगा रहा है। जगह-जगह माँ दुर्गा की भव्य मूर्तियों एवं पण्डालों से रौनकता बढ़ गई है। शक्ति आराधना में पूरा जिला डुबा हुआ है। सार्वजनिक दुर्गा समितियों द्वारा कहीं भजन तो कहीं जसगीत से माँ की आराधना की जा रही है। दुर्गा पंडालों के परिसरों में गरबा-डांडिया की धूम मची हुई है। भक्त गरबा के माध्यम से माँ की आराधना कर रहे हैं।

# विमेंस टी-20 वर्ल्डकपः भारत ने पाकिस्तान को हराया

**दुबई, एजेंसी।**

भारत ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। रविवार को दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 105 रन बनाए। जवाब में भारत ने 18.5 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। भारत की विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान पर 8 मैचों में छठी जीत है।

भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर 29 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुईं। शेफाली वर्मा ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। अरुंधति रेड्डी ने 3 विकेट झटके। अरुंधति को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

इससे पहले, पाकिस्तान से निदा डार ने सबसे ज्यादा 28 रन बनाए। मुनिबा अली ने 17, अरूब शाह ने 14 और फातिम सना ने 13 रन की पारी खेली। बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सकीं। भारत से अरुंधति रेड्डी ने 3 और श्रेयांका पाटिल ने 2 विकेट लिए। 1-1 सफलता दीप्ति शर्मा, आशा शोभना और रेणुका सिंह को मिली।

**जीत के बाद भारत चौथे नंबर पर पहुंचा**

पाकिस्तान के खिलाफ जीत के बाद भारतीय टीम पॉइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर पहुंच गई है। टीम के दो मैचों में 1 जीत और 1 हार के बाद 2 अंक हैं। भारत के अभी दो मैच बाकी हैं।





**सजना सजीवन ने चौका लगाकर जिताया**

भारत ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। 18वें ओवर की 5वीं बॉल पर सजना सजीवन ने निदा डार की बॉल पर चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी।

**फातिमा ने ऋचा को आउट किया**

भारत का चौथा विकेट ऋचा घोष 16वें ओवर में गिरा। उन्हें फातिमा सना ने मुनिबा अली के हाथों कैच कराया। ऋचा खाता भी नहीं खेल सकीं।

**रोड्रिग्ज 23 रन बनाकर आउट**

भारत की तीसरा विकेट 16वें ओवर में गिरा। ओवर की दूसरी बॉल पर फातिमा सना ने जेमिमा रोड्रिग्ज को आउट कर दिया। रोड्रिग्ज ने 28 बॉल पर 23 रन बनाए।

**शेफाली 32 रन बनाकर आउट**

शेफाली वर्मा 12वें ओवर में कैच आउट हुईं, उन्हें ओमाइमा सोहैल ने लन्ग ऑन पर कैच कराया। शेफाली ने 35 बॉल पर 32 रन बनाए।

**स्मृति मंधाना पवेलियन लौटीं, भारत का पहला विकेट गिरा**

भारत का पहला विकेट 18 रन पर गिरा। स्मृति मंधाना आउट होकर पवेलियन लौट गई हैं। उन्हें सादिया इकबाल ने तुबा हसन के हाथों कैच करा कर पवेलियन भेजा। मंधाना ने 16 गेंद का सामना कर 7 रन बनाए।

**पहले ओवर में शेफाली रिव्यू लेने के बाद आउट होने से बचीं**

पहले ही ओवर में शेफाली वर्मा DRS से एलबीडब्ल्यू आउट होने से बची। दरअसल, भारतीय पारी के दौरान पाकिस्तान की ओर से पहला ओवर फातिमा सना कर रही थी। ओवर की पांचवीं गेंद को शेफाली समझ नहीं पाई और गेंद उनके पैड पर लगी। फील्ड अंपायर ने आउट करार दिया। जिसके बाद शेफाली वर्मा ने रिव्यू लिया। टीवी अंपायर ने देखा कि बॉल स्टंप के बाहर जारी रही थी और वहीं बल्ले और गेंद के बीच भी काफी गैप था। थर्ड अंपायर ने नॉट आउट करार दिया।

**पाकिस्तान ने भारत को 106 रन का टारगेट दिया**

विमेंस टी-20 विर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवर में आठ विकेट पर 105 रन बनाए। पाकिस्तान की टीम के लिए निदा डार ने सबसे ज्यादा 28 रन बनाए। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन के व्यक्तिगत स्कोर को छू नहीं पाया। भारत के लिए अरुंधति रेड्डी ने 3 और श्रेयंका पाटिल ने 2 विकेट लिए। रेणुका, दीप्ति और आशा को एक-एक सफलता मिली।

## लिमरा इंटरनेशनल क्वालिटी अवार्ड से सम्मानित हुए संतोष सिंह





**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

भारतीय जीवन बीमा निगम कोरबा क्र.01, कोसाबाड़ी के मुख्य जीवन बीमा सलाहकार संतोष सिंह का एलआईसी के कैरियर में 25 साल पूर्ण हो गए। इन 25 सालों में लगातार 4 बार दुनिया की सबसे बड़ी बीमा पद्वी टीओटी, 2010 से लगातार सीओटी, 2006 से लगातार एमडीआरटी की अर्हता हासिल करने वाले श्री सिंह को इस कैलेण्डर वर्ष में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। उन्हें भोपाल जोन में आयोजित भव्य समारोह में लिमरा इंटरनेशनल क्वालिटी अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह कोरबा के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

बीमा क्षेत्र में लिमरा इंटरनेशनल क्वालिटी अवार्ड को प्राप्त करना एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। 3 साल के कई कठिन मापदण्डों को पूरा करने के बाद यह अवार्ड दिया जाता है, जिसमें प्रमुख रूप से लगातार 3 वर्षों तक एमडीआरटी, पॉलिसी लेप्सेस रेसियो 5 प्रतिशत से कम होनी चाहिए, लगातार 3 वर्षों तक प्रति वर्ष 100 लोगों का बीमा कराना अनिवार्य होता है। इनके अलावा और कठिन मापदण्डों को पूरा करने के बाद संतोष सिंह को २५ साल के कैरियर में प्रथम बार यह अवार्ड दिया गया। जोनल मैनेजर सहित वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एलआईसी चेयरमेन का हस्ताक्षरयुक्त प्रशस्ति पत्र, शिल्ड से सम्मानित किया गया। कोरबा के लिए संतोष सिंह को लिमरा अवार्ड मिलना बड़ी उपलब्धि है। उन्हें इस उपलब्धि के लिए भोपाल जोन, बिलासपुर मण्डल, कोरबा ब्रांच के अधिकारियों सहित लियाफी बिलासपुर संभाग, कोरबा जिला के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

### लियाफी रत्न अवार्ड का भी सम्मान



भारतीय जीवन बीमा निगम बिलासपुर मण्डल अंतर्गत संचालित लियाफी बिलासपुर संभाग के आयोजन में एक भव्य समारोह में छत्तीसगढ़ के पूर्व केबिनेट मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, सीनियर डीविजनल मैनेजर, विपणन अधिकारी, बिलासपुर लियाफी अध्यक्ष इमरान आलम, सचिव संतोष साहू एवं अन्य दिग्गजों की उपस्थिति में संतोष सिंह को वर्ष 2024 का लियाफी रत्न अवार्ड दिया गया। इस सम्मान के लिए संतोष सिंह ने सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताया।

**संघर्ष जितना कठिन था, सफलता भी उतनी बड़ी मिली**

विवेकानंद ने कहा था - उठो, जागो, और अपने लक्ष्य को प्राप्त करो। विवेकानंद के इस प्रेरणास्पद स्लोक को संतोष सिंह ने भी अपने जीवन काल में अंगीकार किया और 25 वर्ष पहले जब अपने कैरियर को लेकर अधेड़बुन थे, तो उन्होंने जीवन के कश्मकश में संघर्ष और कड़ी मेहनत को अपना हमसफर बनाया और आज एलआईसी में सफलता की बुलंदियां छू रहे हैं। प्रारंभ में जब तत्समय के विकास अधिकारी (अब सेवानिवृत्त) आर.एस. दशाज ने संतोष सिंह को प्रोत्साहित किया और आज वे एलआईसी के सितारे बन गए और जमीन में रहकर बुलंदिया छू रहे हैं।

## भागवत बोले- हिंदुओं को एकजुट रहना होगा,कहा- भारत हिंदू राष्ट्र, मतभेद को भुलाना होगा

**बारां, एजेंसी।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदुओं से एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा- हिंदू समाज मतभेद और विवाद मिटाकर एक साथ आएं। संघ प्रमुख शनिवार शाम को राजस्थान के बारां में स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे।

शनिवार को ही मोदी ने महाराष्ट्र में कहा था- हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे, जश्न मनाएंगे। अगस्त में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा था- हम बंटेंगे तो कटेंगे। एक रहेंगे-नेक रहेंगे।

डॉ. मोहन भागवत को सुनने के लिए बड़ी संख्या में आरएसएस के



स्वयंसेवक पहुंचे थे। डॉ. मोहन भागवत को सुनने के लिए बड़ी संख्या में आरएसएस के स्वयंसेवक पहुंचे थे।

**भागवत बोले- भाषा, जाति और प्रांत का भेद मिटाना जरूरी**

भागवत ने कहा- हिंदू समाज को भाषा, जाति और प्रांत के मतभेद और विवाद मिटाकर अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा। समाज ऐसा हो जहां संगठन, सद्भावना और आत्मीयता का व्यवहार हो। समाज में आचरण का अनुशासन, राज्य के प्रति कर्तव्य और ध्येय निष्ठ होने का गुण आवश्यक है। मैं और मेरा परिवार मात्र से समाज नहीं बनता, बल्कि हमें समाज की सर्वांगीण चिंता से अपने जीवन में भगवान को प्राप्त करना है।

विश्व में भारत की प्रतिष्ठा अपने देश के सबल होने से है। सबल राष्ट्र के प्रवासियों की सुरक्षा भी तब ही होती है, जब उनका राष्ट्र सबल है। वरना निर्बल राष्ट्र के प्रवासियों को देश छोड़ने के आदेश दे दिए जाते हैं। भारत का बड़ा होना प्रत्येक नागरिक के लिए भी उतना ही आवश्यक है।

## केजरीवाल बोले-हिम्मत है तो मोदी नवंबर में दिल्ली चुनाव कराएं- एनडीए शासित 22 राज्यों में मुफ्त बिजली देंगे तो मैं भाजपा के लिए प्रचार करूंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दी है। उन्होंने



कहा कि हिम्मत है तो नवंबर में महाराष्ट्र और झारखंड के साथ दिल्ली में भी विधानसभा चुनाव करके दिखाएं। हम चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। नहीं तो मान लें कि वे हार गए, डर गए।

केजरीवाल ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री दिल्ली चुनाव से पहले एनडीए शासित 22 राज्यों में मुफ्त बिजली देने की घोषणा करेंगे तो मैं भाजपा के लिए प्रचार करूंगा। केजरीवाल ने दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में जनता की अदालत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।

## सुविचार

**तामसिक प्रवृत्ति के नाश के लिए उपवास और ध्यान सबसे बड़ा माध्यम है।**

## चिंतन

### संघर्ष की ओर बढ़ रहा पूरा विश्व

ईरान और इजराईल का संघर्ष धीरे-धीरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ रहा है । आज पूरा विश्व दो पाटों में बंट गया है। आधी महाशक्ति ईरान को तो आधी महाशक्ति इजराईल को सपोर्ट कर रहे हैं। ईरान को महाशक्ति रूस और पूर्व सोवियत गणराज्य के देश सपोर्ट कर रहे हैं, वहीं इजराईल को महाशक्ति अमेरिका सहित कई देशों का सपोर्ट मिल रहा है। इस तरह ईरान और इजराईल का संघर्ष विश्व युद्ध का रूप ले रहा है। भारत तटस्थ होकर शांति दूत बनकर दोनों देशों के बीच जारी युद्ध को रोकने के लिए वैश्विक स्तर पर काम कर रहा है। भारत रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को भी समाप्त करने के लिए प्रयासरत है। कुछ दिन पूर्व प्रधानमंत्री मोदी रूस और यूक्रेन की यात्रा पर शांति दूत बनकर पहुंचे थे और रूसी राष्ट्रपति पुतिन एवं यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात कर युद्ध रोकने की अपील की थी। दूसरी ओर ईरान और इजराईल के बीच युद्ध से हो रही तबाही को रोकने के लिए मोदी वैश्विक स्तर पर डटे हुए हैं। मोदी का कहना है कि हिंसा से विश्व आगे नहीं बढ़ने वाला बल्कि हिंसा से पूरे विश्व को तबाही के अलावा कुछ नहीं मिलने वाला। कुछ राजनीतिक विशेषज्ञ मानते हैं कि इजराईल और ईरान का युद्ध तीसरा विश्व युद्ध नहीं है और दोनों छोटे से देश हैं। जब दो महाशक्ति आपस में लड़ेंगे तब तीसरे विश्व युद्ध की आशंका बलवती होगी। कभी ईरान और इजराईल दोस्त हुआ करते थे आज दुश्मन बन गए हैं।

**संपादक**

**जनजातीय समाज को बेहतर सुविधाएं देने देशभर में चलेगा उन्नत ग्राम अभियान**

# छत्तीसगढ़ की 6791 आदिवासी बहुल गांवों का होगा कायाकल्प

देशभर के जनजातीय बहुल गांवों में निवास करने वाले जनजातीय परिवारों को समग्र विकास के साथ-साथ बेहतर सुविधाएं देने के लिए आगामी 2 अक्टूबर से एक बड़ा अभियान शुरू होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झारखंड से प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान (धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान) की शुरूआत करने जा रहे हैं। अभियान के तहत गांव में बुनियादी ढांचे में सुधार, आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य के मानकों को भी शामिल किया गया है। यह योजना देश के 63 हजार जनजातीय बहुल गांवों में चलाई जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हाल में ही आयोजित केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में देश के जनजातीय बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में जनजातीय परिवारों के लिए परिपूर्णता लक्ष्य को अपनाकर जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार हेतु प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मंजूरी दी गई है। इस मिशन में 79,156 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। यह योजना केन्द्र और राज्य सरकार के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है।

छत्तीसगढ़ में लगभग 32 प्रतिशत जनजातीय जनसंख्या निवास करती है। इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए 32 जिलों के 138 विकासखण्डो के 6691 आदिवासी बहुल गांव का चयन किया गया है। चयनित गांव में बुनियादी सुविधाओं के विकास के साथ-साथ सामाजिक, आर्थिक, उन्नति के कार्य किए जाएंगे। जनजातीय बहुल इलाकों को देश की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए चलाए जा रहे इस महत्वाकांक्षी मिशन के क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ में संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 02 अक्टूबर को झारखण्ड के हजारीबाग में आयोजित समारोह में इस योजना का शुभारंभ किया। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले की लखपति दीदी मानकुंवर बाई और परिवारजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कार्यक्रम में मुलाकात हुई। श्री मोदी बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के राजपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को वर्चुअली सम्बोधित किया।

प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का उद्देश्य भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को भरना और पीएम जनमन की सीख और सफलता के आधार पर जनजातीय क्षेत्रों एवं समुदायों का समग्र और सतत विकास सुनिश्चित करना है।

केन्द्रीय बजट में की गई घोषणा के अनुसार देश में आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के 63,000 गांव शामिल होंगे, जिससे 5 करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को लाभ होगा। इसमें 30 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के जनजातीय बहुल 549 जिले और 2,740 ब्लॉक के गांव शामिल होंगे। इस मिशन में 25 कार्यक्रम शामिल हैं, जिन्हें 17 मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा। प्रत्येक मंत्रालय-विभाग अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्य योजना के तहत उन्हें आवंटित धनराशि के माध्यम से अगले 5 वर्षों में समयबद्ध तरीके से योजना का क्रियान्वयन करेंगे।

**बुनियादी ढांचे का विकास**

मिशन के तहत पात्र अनुसूचित जनजाति परिवारों को पीएमएवाई (ग्रामीण) के तहत नल के पानी और बिजली आपूर्ति की उपलब्धता के साथ पक्के आवास मिलेंगे। इन परिवारों को आयुष्मान भारत कार्ड से भी जोड़ा जाएगा। जनजाति बहुल गांवों के लिए सभी मौसम में बेहतर सड़क संपर्क के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। भारत नेट परियोजना के अंतर्गत मोबाइल कनेक्टिविटी और इंटरनेट की सुविधा पहुचाई जाएगी। स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा में सुधार के लिए बुनियादी ढांचा सुनिश्चित किया जाएगा।

**आर्थिक सशक्तिकरण**

जनजाति समुदाय के छात्र-छात्राओं को हर साल 10वीं-12वीं कक्षा के बाद दीर्घकालिक कौशल पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण की व्यवस्था, इसके अलावा, जनजातीय बहुउद्देशीय विपणन केंद्र के माध्यम से विपणन सहायता, पर्यटक गृह प्रवास, एफआरए पट्टा धारकों को कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन के लिए सहायता प्रदान की जाएगी।

**शिक्षा और स्वास्थ्य**

स्कूल और उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात को राष्ट्रीय स्तर तक बढ़ाना और जिला, ब्लॉक स्तर पर स्कूलों में जनजातीय छात्रावासों की स्थापना करके जनजातीय छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को मिशन के तहत सुलभ बनाया जाएगा। जनजातीय परिवारों की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करना, शिशु मृत्यु दर, मातृत्व मृत्यु दर में राष्ट्रीय मानकों को हासिल करना और उन स्थानों, जहां स्वास्थ्य उपकेंद्र मैदानी क्षेत्रों में 10 किमी से अधिक और पहाड़ी क्षेत्रों में 5 किमी से अधिक दूरी पर है, वहां मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से टीकाकरण की सुविधा दी जाएगी।

जसं. छत्तीसगढ़।



## उज्ज्वल भविष्य के लिए वैश्विक शांति आवश्यक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 और 10 अक्तूबर को लंदन में होने वाले न्यायविदों और लेखकों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को लेकर आयोजकों को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने लिखा कि वैश्विक शांति उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है। उन्होंने लिखा कि हमारे सामूहिक प्रयासों की सफलता राष्ट्र और समुदायों के बीच एकता और सहयोग पर निर्भर करती है।

सम्मेलन के आयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता और अंतरराष्ट्रीय न्यायविद परिषद और अंतरराष्ट्रीय लेखक आयोग के अध्यक्ष आदिश सी अग्रवाल को लिखे पत्र में पीएम मोदी ने लिखा कि वैश्विक शांति उज्ज्वल भविष्य के लिए मौलिक है। उन्होंने लिखा कि हमारे साझा प्रयास एकता पर निर्भर करते हैं। उन्होंने भगवान बुद्ध और महात्मा गांधी से प्रेरणा लेकर शांति के लिए भारत की ऐतिहासिक प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। पीएम ने लिखा कि मुख्य न्यायाधीश, मंत्री, संसद सदस्यों, बार नेताओं, लेखकों, संपादकों और कानून शिक्षकों की सामूहिक विशेषज्ञता वैश्विक शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने वाली नीतियों को आकार देने के लिए महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री ने लिखा कि नए संघर्ष राष्ट्रों की सामाजिक और आर्थिक स्थिरता को खतरा पहुंचाते हैं। इन चुनौतियों का सामना केवल वैश्विक कार्रवाई और लोगों के बीच आपसी जुड़ाव के माध्यम से ही प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। पीएम ने कहा कि भारत एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के दर्शन से प्रेरित और वैश्विक शांति, एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इसका उद्देश्य भविष्य की पीढ़ियों के लिए शांतिपूर्ण दुनिया का निर्माण करना है।

उन्होंने कहा कि सम्मेलन में होने वाली चर्च शांति, सद्भाव और कल्याण के लिए दूरदर्शी रूपरेखा तैयार करेगी। उन्होंने प्रतिभागियों को उनके विचार-विमर्श में सफलता की कामना करते हुए वैश्विक शांति को बढ़ावा देने में उनके सामूहिक प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डाला। बता दें कि सम्मेलन नौ और 10 अक्तूबर को लंदन में होगा। इसमें लेखक और न्यायविद हिस्सा लेंगे।

# छत्तीसगढ़ के बचेली वन क्षेत्र में प्राचीन वनस्पतियों का जीवंत संग्रह

छत्तीसगढ़ वन विभाग ने हाल ही में पारिस्थितिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण वन क्षेत्र की पहचान की है, जो दंतेवाड़ा वन मंडल के बचेली वन परिक्षेत्र में स्थित है और बीजापुर के गंगालूर वन परिक्षेत्र तक फैला हुआ है। इस विशेष वन क्षेत्र में कई प्राचीन वनस्पतियों की प्रजातियां पाई गयीं है, जो छत्तीसगढ़ राज्य की असाधारण जैव विविधता को प्रदर्शित करता है। इस क्षेत्र को वैज्ञानिकों और वन अधिकारियों ने जैव विविधता के लिए अत्यधिक समृद्ध और महत्वपूर्ण माना है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह खोज न केवल इस क्षेत्र के पर्यावरणीय महत्व को दर्शाती है, बल्कि भविष्य में वन अनुसंधान और संरक्षण के प्रयासों को भी नई दिशा देगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस क्षेत्र की जैव विविधता को संरक्षित करने और वन अनुसंधान को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इस खोज से राज्य को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक नई पहचान मिलेगी। सरकार इस क्षेत्र में शोध और अध्ययन के लिए विशेष प्रोत्साहन देगी, ताकि इन दुर्लभ प्रजातियों को संरक्षित रखा जा सके। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह दुर्लभ वन क्षेत्र विशेष रूप से उन पौधों की प्रजातियों का घर है, जो करोड़ों साल पहले के समय में अस्तित्व में थीं। अब यह क्षेत्र न केवल वैज्ञानिक अध्ययन के लिए बल्कि पर्यटन के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन सकता है।





समुद्र तल से 1,240 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर स्थित यह वन क्षेत्र सबट्रॉपिकल ब्रॉड-लीव्ड हिल फॉरेस्ट (फॉरेस्ट टाइप 8) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। खास बात ये है की यह छत्तीसगढ़ का सबसे ऊंचाई वाला वन क्षेत्र हो सकता है। जबकि राज्य में मुख्य रूप से मॉइस्ट एंड ड्राय डेसिड्युअस फॉरेस्ट्स (फॉरेस्ट टाइप 3 एंड 5) के लिए जाना जाता है, यह विशेष वन पैच ब्रॉड-लीव्ड हिल फॉरेस्ट एक नया पारिस्थितिक आयाम प्रस्तुत करता है।

यहां की वनस्पति पश्चिमी घाट की वनस्पतियों से काफी हद तक मेल खाती है। कांगेर घाटी के जंगलों की तरह, यह क्षेत्र भी विभिन्न प्रकार की प्रजातियों से समृद्ध है। इसके अलावा, मानवजनित दबाव की कमी होने कारण इन प्रजातियों को बिना किसी बाधा के पनपने में मदद मिली है। इस क्षेत्र को एक 'जीवित संग्रहालय' माना जा रहा है, क्योंकि यहां कई प्राचीन पौधों की प्रजातियां संरक्षित हैं, जो संभवत: प्रागैतिहासिक काल, यहां तक कि डायनासोर युग से संबंधित हो सकती हैं। यहां पाई गई कुछ वनस्पतियों की प्रजातियों को छत्तीसगढ़ में पहली बार दर्ज किया गया माना जा रहा है।

इस विशेष वन का तीन दिवसीय सर्वे अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास एवं योजना) अरुण कुमार पांडेय, आईएफएस के नेतृत्व में किया गया। इस सर्वे दल में पर्यावरणविदों और वन अधिकारियों के साथ-साथ आईएफएस परिवीक्षाधीन अधिकारी एस. नवीन कुमार और वेंकटेशा एम.जी. भी शामिल थे। इसके अलावा, वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के उप निदेशक डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्रा और पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज के पूर्व विभागाध्यक्ष एम.एल. नायक भी सर्वे टीम का हिस्सा थे।

सर्वे के दौरान, टीम ने दुर्लभ और प्राचीन वनस्पतियों की कई प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया है, जिनमें ऐल्सोफिला स्पिनुलोसा (ट्री फर्न), ग्नेटम स्कैंडन्स, ज़िज़िफस रूगोसस, एंटाडा रहीडी, विभिन्न रुबस प्रजातियाँ, कैंथियम डाइकोकूम, ओक्ना ऑब्टुसाटा, विटेक्स ल्यूकोजाइलन, डिलेनिया पेंटागाइना, माचरेन्जा साइनेंसिस, और फिकस कॉर्डिफोलिया शामिल हैं। इनमें से माचरेन्जा साइनेंसिस प्रजाति संभवत: छत्तीसगढ़ के केवल इसी वनीय पहाड़ी क्षेत्र में पाई गई है।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव, आईएफएस ने इस विशेष वन क्षेत्र के बारे में कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ वन विभाग राज्य की समृद्ध जैव विविधता के संरक्षण के लिए लगातार प्रयासरत रहा है। बचेली का ये बेहद विशेष वन क्षेत्र राज्य वन विभाग की जैव विविधता के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

बचेली का ये विशेष वन भविष्य के अनुसंधान एवं इको-टूरिज्म के विकास के लिए महत्वपूर्ण संभावनाएं प्रस्तुत करता है। वन विभाग इस क्षेत्र की छिपी हुई जैव विविधता को और गहराई से समझने के लिए अधिक विस्तृत सर्वेक्षण करने की योजना बना रहा है।

# देवी की शक्ति से विष्णु और शिव प्रकट होकर विश्व का पालन और संहार करते हैं

ये महाशक्ति ही सर्वकारणरूपा प्रकृति की आधारभूता होने से महाकारण हैं, ये ही मायाधीश्वरी हैं, ये ही सर्जन-पालन-संहारकारिणी आद्या नारायणी शक्ति हैं और ये ही प्रकृति के विस्तार के समय भर्ता, भोक्ता और महेश्वर होती हैं।

भगवती दुर्गा ही संपूर्ण विश्व को सत्ता, स्फूर्ति तथा सरसता प्रदान करती हैं। जैसे दर्पण को स्पर्श कर देखा जाए तो वहां वास्तव में कुछ भी उपलब्ध नहीं होता, वैसे ही सच्चिदानंदरूपा महाचिति भगवती में संपूर्ण विश्व होता है। कोई इस परमात्मारूपा महाशक्ति को निर्गुण कहता है तो कोई सगुण। ये दोनों ही बातें ठीक हैं क्योंकि उनके ही तो ये दो नाम हैं। जब मायाशक्ति क्रियाशील रहती हैं तब उसका अधिष्ठान महाशक्ति सगुण कहलाती है और जब वह महाशक्ति में मिली रहती है, तब महाशक्ति निर्गुण है। इन अनिर्वचनीया



परमात्मारूपा महाशक्ति में परस्पर विरोधी गुणों का नित्य सामंजस्य है। वे जिस समय निर्गुण हैं, उस समय भी उनमें गुणमयी मायाशक्ति छिपी हुई है और जब वे सगुण कहलाती हैं उस समय भी वे गुणमयी मायाशक्ति की अधीश्वरी और सर्वतन्त्र-स्वतन्त्र होने से वस्तुत: निर्गुण ही हैं। उनमें निर्गुण और सगुण दोनों लक्षण सभी समय रहते हैं। जो जिस भाव से उन्हें देखता है, उसे उनका वैसा ही रूप भान होता है।

इन्हीं की शक्ति से ब्रह्मादि देवता बनते हैं, जिनसे विश्व की उत्पत्ति होती है। इन्हीं की शक्ति से विष्णु और शिव प्रकट होकर विश्व का पालन और संहार करते हैं। दया, क्षमा, निद्रा, स्मृति, क्षुधा, तृष्णा, तृप्ति, श्रद्धा, भक्ति, धृति, मति, तुष्टि, पुष्टि, शांति, कांति, लज्जा आदि इन्हीं महाशक्ति की शक्तियां हैं। ये ही गोलोक में श्रीराधा, साकेत में श्रीसीता, श्रीरोदसागर में लक्ष्मी, दक्षकन्या सती, दुर्गितनाशिनी मेनकापुत्री दुर्गा हैं। ये ही वाणी, विद्या, सरस्वती, सावित्री और गायत्री हैं।

ये महाशक्ति ही सर्वकारणरूपा प्रकृति की आधारभूता होने से महाकारण हैं, ये ही मायाधीश्वरी हैं, ये ही सर्जन-पालन-संहारकारिणी आद्या नारायणी शक्ति हैं और ये ही प्रकृति के विस्तार के समय भर्ता, भोक्ता और महेश्वर होती हैं। परा और अपरा दोनों प्रकृतियां इन्हीं की हैं अथवा ये ही दो प्रकृतियों के रूप में प्रकाशित होती हैं। इनमें द्वैत, अद्वैत दोनों का समावेश है। ये ही वैष्णवों की श्रीनारायण और महालक्ष्मी, श्रीराम और सीता, श्रीकृष्ण और राधा, शैवों की श्रीशंकर और उमा, गाणपत्यों की श्रीगणेश और रिद्धि-सिद्धि, सौरों की श्रीसूर्य और उषा, ब्रह्मवादियों की शुद्ब्रह्म और ब्रह्मविद्धा तथा शास्त्रों की महादेवी हैं। ये ही पंचमहाशक्ति, दशमहाविद्या तथा नवदुर्गा हैं। ये ही अन्नपूर्णा, जगद्धात्री, कात्यायनी, ललिताम्बा हैं। ये ही शक्तिमान और शक्ति हैं। ये ही नर और नारी हैं। ये ही माता, धाता, पितामह हैं, सब कुछ ये ही हैं।

यद्यपि श्रीभगवती नित्य ही हैं और उन्हीं से सब कुछ व्याप्त है तथापि देवताओं के कार्य के लिए वे समय-समय पर अनेक रूपों में जब प्रकट होती हैं, तब वे नित्य होने पर भी देवी उत्पन्न हुई- प्रकट हो गयीं, इस प्रकार से कही जाती हैं-

नित्यैव सा जगन्मूर्तिस्तया सर्विमदं ततम्।।

तथापि तत्समुत्पत्तिर्बहुधा श्रूयतां मम।

देवानां कार्यिसद्धर्यथमाविर्भवति सा यद।।

उत्पन्नेति तदा लोके सा नित्याप्यभिधीयते।

शुभा दुबे।



## तारक मेहता का उल्टा चश्मा: नई सोनू के रूप में आयी खुशी माली

तारक मेहता का उल्टा चश्मा पिछले कुछ हफ्तों से गलत वजहों से सुर्खियाँ बटोर रहा है। पहला धमाका तब हुआ जब शो के प्रोडक्शन हाउस नीला फिल्म प्रोडक्शंस ने घोषणा की कि कास्टमेट पलक सिंधवानी को कॉन्ट्रैक्ट तोड़ने के कारण कानूनी नोटिस भेजा गया है। इसके बाद पलक ने अपनी टीम के ज़रिए अपना बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने शो मेकर्स पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और बदनाम करने का आरोप लगाया क्योंकि वह शो छोड़ना चाहती थीं। तमाम विवादों के बीच पलक ने आखिरकार पिछले महीने शो छोड़ दिया। एजेंसी।

# घर के बुजुर्गों का रखें ख्याल तभी सुखी बसेगा परिवार



बुजुर्गों का साया घर के हर सदस्य को सम्बल प्रदान करता है। घर पर बड़े-बुजुर्ग हों तो व्यक्ति कई चिंताओं से मुक्त रहता है। हमारा कर्तव्य बनता है कि हम घर पर अपने बुजुर्गों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित बनाएं।

सबसे अधिक दुर्घटनाएं घर पर ही होती हैं और अक्सर बड़ी संख्या में बुजुर्गों को इन दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है।

बढ़ती उम्र में आई शारीरिक कमजोरी और संतुलन की कमी के चलते बुजुर्ग हमेशा फिसलने, गिरने जैसी आम दुर्घटनाओं के खतरे पर रहते हैं। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि उनकी सुरक्षा के लिए घर पर कुछ बातों का खास ख्याल रखा जाए—

घर पर अधिक उपकरणों के इस्तेमाल से बचें। विशेष रूप से वे, जिनकी लम्बी तारें फर्श पर फैली रहती हैं। बुजुर्गों के तारों में फंस कर गिरने का खतरा बहुत रहता है, इसलिए इस बात के प्रति सतर्कता अवश्य बरतें।

फर्श पर टाइलें लगवाते समय इस बात का विशेष रूप से ख्याल रखें कि वे फिसलन रोकने वाली हों। अगर आपके घर में पहले से चिकनी टाइलें लगी हैं तो उन पर मोटे कार्पेट बिछा कर रखें।

ये फिसलने से बचाने के साथ-साथ गिरने की दशा में भी गम्भीर चोट से बचाने के लिए कुशन की भांति काम करते हैं।

आपातकालीन नम्बरों सहित फोन को आसान पहुंच में रखें। अच्छा हो कि हर कमरे में फोन हो। सम्भव हो तो बुजुर्गों को मोबाइल या कॉर्डलैस फोन दें, ताकि जरूरत पडने़ पर वे तुरन्त आपसे सम्पर्क साध सकें।

तरल या फिसलन पैदा करने वाले किसी भी पदार्थ के गिरते ही उसे तुरंत साफ करें। इसे साफ करने के लिए एक कपड़ा किचन में नजदीक ही कहीं रखें।

यदि घर के भीतर ही सीढ़ियां हैं तो सुनिश्चित करें कि वे अच्छी हालत में रहें। उन पर किसी प्रकार का कूड़ा-कर्कट न हो और हो सके तो सीढ़ियों के दोनों ओर हैंड रेल्स लगवाएं।

बाथरूम में फिसलना आम बात है। नहाने के लिए बुजुर्गों को प्लास्टिक की कुर्सी दें जिस पर बैठ कर वे आसानी से स्नान कर सकें।

रात्रि के समय आपके घर के हर हिस्से में अच्छा प्रकाश रहे। बुजुर्गों के लिए बाथरूम के प्रवेश द्वार के निकट ही लाइटों के स्विच लगवाएं।

बुजुर्गों के बैड न तो अधिक ऊंचे हों और न ही जरूरत से कम, ताकि उन्हें बैड पर बैठने और उठने में आसानी रहे।

एजेंसी।

# निवेशकों को मिला छप्परफाड़ रिटर्न

## 1.65 रुपए के शेयर ने एक साल में दिया 560 गुना प्राफिट

**मुंबई एजेंसी।**




एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की एक कंपनी के शेयर ने बीते एक साल में निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया है, जिससे उन्हें मालामाल होने का मौका मिला है। इस कंपनी का नाम है श्री अधिकारी ब्रदर्स टेलीविजन नेटवर्क लिमिटेड। यह वही कंपनी है, जिसके पास पहले सब टीवी का मालिकाना हक था। वर्तमान में यह कंपनी मस्ती, दबंग, धमाल गुजरात, दिल्लगी और मायबोली जैसे चैनलों को ऑपरेट करती है।

एक साल में शेयर ने दिया 560 गुना रिटर्न

श्री अधिकारी ब्रदर्स टेलीविजन नेटवर्क का शेयर बीते एक साल में लगभग 560 गुना बढ़ चुका है। 4 अक्टूबर 2023 को बीएसई पर इस शेयर की कीमत मात्र 1.65 रुपए थी, जबकि 4 अक्टूबर 2024 को यह 922.25 रुपए पर बंद हुआ। इस तरह, इस शेयर में 55794 प्रतिशत की बढ़त देखी गई है, जो कि निवेशकों के लिए किसी बड़े लाभ की तरह है।

**1 लाख के बने 5.58 करोड़**

यदि किसी ने एक साल पहले इस शेयर में 1 लाख रुपए का निवेश किया होता और अब तक वह इसे होल्ड करता, तो उसकी यह राशि करीब 5.58 करोड़ हो गई होती। इसी तरह 20,000 रुपए का निवेश 1.12 करोड़ और 50,000 रुपए का निवेश 2.79 करोड़ में बदल चुका होता।

श्री अधिकारी ब्रदर्स टेलीविजन नेटवर्क की स्थापना 1985 में हुई थी और यह देश की पहली पब्लिकली लिस्टेड टेलीविजन प्रोडक्शन कंपनी बनी। 1995 में इसे बीएसई में लिस्ट किया गया। जून 2024 तक, कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 59.52प्रतिशत थी, जबकि 40.48 प्रतिशत शेयर पब्लिक शेयरहोल्डर्स के पास थे।

यह रिटर्न बाजार में सकारात्मक सेंटीमेंट और कंपनी के प्रदर्शन की वजह से निवेशकों के लिए एक सुनहरा मौका साबित हुआ है।

# विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार में की भारी बिकवाली, चीन की ओर शिफ्ट हुए निवेशक

**मुंबई एजेंसी।**

बिजनेस डेस्क: विदेशी संस्थागत निवेशकों ने हाल ही में भारतीय बाजार से भारी मात्रा में अपना पैसा निकालना शुरू कर दिया है और अब वे चीन की ओर रुख कर रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में FIIs की ओर से की गई बिकवाली पिछले चार वर्षों में सबसे अधिक है। इस कारोबारी सप्ताह में विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार में 40,511.15 करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं। जबकि 3 अक्टूबर 2024 को केवल 6 घंटे के भीतर FIIs ने 15,243 करोड़ रुपए के शेयर बेच दिए।

हालांकि, बाजार के विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय बाजारों की बुनियाद मजबूत है और देश की अर्थव्यवस्था में वृद्धि का रुझान बना हुआ है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि FIIs अंततः भारतीय बाजार में वापस लौट सकते हैं।

हाल ही में विदेशी संस्थागत निवेशक चीन की ओर आकर्षित हो रहे हैं और इसके पीछे कई प्रमुख कारण हैं। चीन के बाजार फिलहाल सस्ते वैल्यूएशन पर हैं, जिससे निवेशकों को लाभ की संभावनाएं नजर आ रही हैं। साथ ही चीन की इकोनॉमी को बड़ा राहत पैकेज मिला है और रियल एस्टेट सेक्टर को भी विशेष प्रोत्साहन दिया गया है। इसके अलावा, कर्ज सस्ता करने से भी निवेशकों का विश्वास बढ़ा है, जिससे चीन का निवेश सेंटीमेंट मजबूत हुआ है।

# पावागढ़ में 3 बार बसा और उजड़ा है चंपानेर सैकड़ों साल तक दफन रहा इसका इतिहास


नवरात्र शुरू हो चुके हैं। इसके साथ ही गरबे में आपने वो भजन भी सुना होगा 'पंखिड़ा तू उड़ ने जाना पावागढ़ रे महाकाली से मिलके कहना गरबा खेलेंगे।' तो देश की धरोहर में आज हम आपको पावागढ़ और चंपानेर के बारे में बताने जा रहे हैं। इसके बनने बर्बाद होने की ऐतिहासिक कहानी जो कई सौ सालों तक भुला दी गई थी।


गुजरात के पावागढ़ में स्थित चंपानेर को यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया है। यह जगह जितनी खूबसूरत है उतनी ही दिलचस्प है, यहां के शहर के बनने और तबाह होने की कहानी। 8वीं शताब्दी में चंपानेर को चावड़ा राजवंश के शासक राजा वनराज चावड़ा ने बसाया था।

यहां से पावागढ़ की दूरी करीब 6 किलोमीटर है। राजपूत शासकों ने 15 वीं शताब्दी में पावागढ़ किला बनाया था। इस किले को चंपानेर में खिची चौहान राजपूतों ने बनाया। बाद में मुगलों ने इस पर कब्जा किया और तबाह कर दिया था। एजेंसी।



# ओटीटी पर भी होगा अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम का क्लैश



बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों के बीच क्लैश के किस्से तो खूब सुने होंगे। लेकिन अब ओटीटी पर भी मूवीज के बीच भिड़ंत देखने को मिलती है। इस कड़ी में नया नाम सुपरस्टार जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा का शामिल हो रहा है, जो अक्षय कुमार की इस फिल्म के साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। खास बात ये है कि वेदा एक अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। एजेंसी।

# कश्मीर : शोपियां के अंतिम गांव में 21 साल बाद गूंजा जय भोलेनाथ



आतंकवाद के दौर में वे जिन घरों और जमीनों को मजबूरन छोड़ आए थे, वे वहां दोबारा बसने के लिए उत्साहित हैं। खंडहर हो चुके अपनी धार्मिक आस्थाओं के केंद्र मंदिरों का जीर्णोद्धार कर रहे हैं। शनिवार को शोपियां जिले के अंतिम गांव नदीमर्ग में भी करीब 21 साल बाद भगवान भोलेनाथ के जयकारे गूंजे।

कश्मीर घाटी में बदले माहौल के बीच कश्मीरी पंडित फिर अपनी जड़ों से जुड़ने लगे हैं। आतंकवाद के दौर में वे जिन घरों और जमीनों को मजबूरन छोड़ आए थे, वे वहां दोबारा बसने के लिए उत्साहित हैं। खंडहर हो चुके अपनी धार्मिक आस्थाओं के केंद्र मंदिरों का जीर्णोद्धार कर रहे हैं। शनिवार को शोपियां जिले के अंतिम गांव नदीमर्ग में भी करीब 21 साल बाद भगवान भोलेनाथ के जयकारे गूंजे।

गांव लौटे कश्मीरी पंडितों ने यहां के ऐतिहासिक अर्धनारीश्वर मंदिर में शिवलिंग और मूर्तियों की स्थापना की। पूरे अनुष्ठान को विधिविधान के साथ पूजा-अर्चना कर पूरा किया गया। हवन यज्ञ में आहुतियां डालकर घाटी में सुख-शांति की कामना की। पूजा में शामिल हुए भूषण लाल और पूजा ने कहा, मंदिर का जीर्णोद्धार आने वाली पीढ़ियों के लिए आशापूर्ण भविष्य का प्रतीक है। मंदिर को संवारने में सेना ने काफी मदद की है।

अभी बहुत काम होना बाकी है, जिसमें जिला प्रशासन से मदद की मांग की है। 23 मार्च, 2003 को आतंकियों की ओर से किए गए नरसंहार के बाद कश्मीरी हिंदू समुदाय गांव को छोड़कर पलायन कर गया था।

**बसाने और सुरक्षा की मांग**

कश्मीरी विस्थापितों ने मौके पर पहुंचे डीसी शोपियां मोहम्मद शाहिद सलीम डार से मंदिर के जीर्णोद्धार के साथ ही उनके घरों की रखरखाव, उनके लिए कॉलोनी बसाने और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की।

**मुस्लिम समुदाय ने किया स्वागत, कहा- उम्मीद है सभी हिंदू भाई गांव लौटेंगे**

कश्मीरी पंडितों का गांव के मुस्लिम भाईचारे ने स्वागत किया। उनके प्रति सम्मान दिखाया और भोजन की व्यवस्था की। स्थानीय निवासी गुलाम हसन ने कहा, कश्मीरी पंडितों के जाने से हमारे दिलों में खालीपन आ गया था। हमारा बचपन उनके साथ रंगीन यादों से भरा है। उनके पलायन ने हमारे जीवन में अंधेरा ला दिया था। अब उम्मीद करते हैं कि सभी विस्थापित पंडित परिवार वापस अपने गांव लौटेंगे। भाईचारे को फिर स्थापित करेंगे।

# लवासा

## झीलों, पहाड़ियों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए बेमिसाल

लवासा का वातावरण अद्वितीय है। यहाँ की हरी पहाड़ियाँ, नीले आसमान और साफ़ झीलें इसे एक सुंदर पर्यटन स्थल बनाते हैं। यहाँ का मौसम भी बहुत खुशनुमा रहता है, खासकर मानसून में जब चारों ओर हरियाली छा जाती है।

लवासा, महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थित एक योजनाबद्ध शहर है, जिसे एक हिल स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है। यह स्थान अपनी खूबसूरत झीलों, पहाड़ियों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। लवासा की स्थापना 2000 में की गई थी और यह भारत का पहला योजनाबद्ध शहर है जो पूरी तरह से एक नए तरीके से डिज़ाइन किया गया है।

**प्राकृतिक सौंदर्य**

लवासा का वातावरण अद्वितीय है। यहाँ की हरी पहाड़ियाँ, नीले आसमान और साफ़ झीलें इसे एक सुंदर पर्यटन स्थल बनाते हैं। यहाँ का मौसम भी बहुत खुशनुमा रहता है, खासकर मानसून में जब चारों ओर हरियाली छा जाती है। लवासा में कई पार्क, उद्यान और झीलें हैं, जो पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

**प्रमुख आकर्षण**

**लवासा झील**- यह झील लवासा का मुख्य आकर्षण है। यहाँ आप बोटिंग का आनंद ले सकते हैं और झील के किनारे पर चलने का मज़ा ले सकते हैं।

**हाइकिंग और ट्रेकिंग**-लवासा के आस-पास कई ट्रैकिंग मार्ग हैं, जो साहसिक प्रेमियों के लिए आदर्श हैं। यहाँ की पहाड़ियों में चलना एक अनोखा अनुभव देता है।

**रेस्टोरेंट और कैफे**- लवासा में कई अच्छे रेस्टोरेंट और कैफे हैं, जहाँ आप विभिन्न प्रकार के व्यंजन का स्वाद ले सकते हैं। यहाँ का स्थानीय भोजन बहुत प्रसिद्ध है।

**सपनों का गाँव**- यह एक खूबसूरत स्थान है



जहाँ पर स्थानीय कला और शिल्प का प्रदर्शन किया जाता है। यहाँ के शिल्पकारों द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प आपको पसंद आएंगे।

**संस्कृति और जीवनशैली**

लवासा की संस्कृति में आधुनिकता और प्राकृतिक जीवन का मेल है। यहाँ के निवासी पर्यटकों का स्वागत करते हैं और स्थानीय परंपराओं को बड़े गर्व के साथ निभाते हैं। यह स्थान पर्यावरण के प्रति संवेदनशील है और यहाँ के लोग इसे साफ-सुथरा रखने का प्रयास करते हैं।

**यात्रा का सबसे अच्छा समय**

लवासा जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से फरवरी के बीच है। इस दौरान मौसम सुखद रहता है और प्राकृतिक सौंदर्य अपने चरम पर होता है। मानसून के समय यहाँ का दृश्य और भी मनमोहक हो जाता है।

**लवासा एक ऐसा गंतव्य है जो** आधुनिकता और प्रकृति का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। यहाँ की प्राकृतिक छटा, शांत वातावरण और रोमांचकारी गतिविधियाँ इसे एक आकर्षक पर्यटन स्थल बनाती हैं। अगर आप एक ऐसे स्थान की तलाश कर रहे हैं जहाँ आप आराम कर सकें और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकें, तो लवासा निश्चित रूप से आपकी सूची में होना चाहिए। एजेंसी।



# बालको ने राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य को दिया बढ़ावा

**बालकोनगर ( दिव्य आकाश )।**

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के अवसर पर समुदाय में बच्चों, किशोरों और माताओं के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किये। इस साल की थीम 'सभी के लिए पौष्टिक आहार' के अनुरूप संतुलित एवं पोषणयुक्त आहार के महत्व को सुनिश्चित करते हुए पौष्टिक विकल्प को बढ़ावा दिया गया। जिला स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न सामुदायिक भागीदारों के सहयोग से पोषण जागरूकता अभियान को संचालित किया गया।






पोषण माह अभियान नंद घर, आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर केंद्रित था। विशेषज्ञों के नेतृत्व में पोषण जागरूकता सत्र और स्थानीय सामग्री का उपयोग करके स्वस्थ खान-पान को प्रोत्साहित करने के लिए सामुदायिक रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रेसिपी प्रशिक्षण में माताओं ने सरकार द्वारा प्रदान किए गए टेक होम राशन (टीएचआर) का उपयोग करके पौष्टिक भोजन तैयार करना सीखा। इसके साथ ही स्वास्थ्य शिविर में कुपोषण और एनीमिया को रोकने के लिए माताओं एवं बच्चों की जांच की गई। समय पर एनीमिया लक्षण की जानकारी से उचित उपचार संभव हुआ। सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए 'पोषण की बातें, पुरुषों के साथ' नामक पहल की शुरूआत की गई। इसमें घर के पुरुषों को बच्चों और परिवार के स्वास्थ्य तथा पोषण महत्व पर जानकारी प्रदान की गई। समापन समारोह में सामूहिक प्रयास का जश्न मनाया गया। समुदाय में रोल मॉडल के रूप में काम कर रही माताओं को चैंपियन माता के रूप में सम्मानित किया गया। गर्भवती दम्पति के विशेष प्रशिक्षण सत्र में माता-पिता दोनों को अपने बच्चे के समग्र विकास में समान रूप से योगदान देने तथा गर्भावस्था और बचपन के दौरान आपसी सहयोग पर मार्गदर्शन दी गई। कंपनी ने अपने प्रयासों की प्रतिबद्धता को दिखाते हुए 'पोषण टाक्स' वीडियो की एक सीरीज शुरू की, जिसमें पोषण संबंधी प्रमुख विषयों को दिखाया जाएगा। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के सहयोग से नंद घर में मिलेट शेक वितरण अभियान का शुभारंभ हुआ। इसके साथ ही एक मासिक 'पोषण पत्रिका' का शुभारंभ किया गया जिसमें चैंपियन माताओं की कहानियाँ और व्यावहारिक, पौष्टिक व्यंजन की जानकारी दी गई।

महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर के उप निदेशक दिलदार सिंह मरावी ने सामुदायिक स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने में सरकार और उद्योग के बीच परस्पर सहयोग के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग में हम महिलाओं और बच्चों के पोषण स्वास्थ्य और सशक्तिकरण में सुधार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। यह देखकर बहुत अच्छा लगता है कि बालको अपने परियोजना के माध्यम से ऐसे पहल को आगे बढ़ा रही हैं, जो पोषण जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर आधारित है।

### बालको का दृष्टिकोण एल्यूमिनियम उत्पादन से आगे सामुदायिक भलाई तक फैला हुआ है-राजेश कुमार

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको का दृष्टिकोण एल्यूमिनियम उत्पादन से आगे सामुदायिक भलाई तक फैला हुआ है, कंपनी सभी के लिए उज्जवल एवं स्वस्थ भविष्य को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है। हमारा प्रयास है कि हर बच्चा आगे बढ़े और हर मां को वह देखभाल मिले जिसकी वह हकदार है। पोषण माह के दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य का जश्न मनाना, स्वस्थ समुदायों के पोषण के प्रति हमारे प्रयासों को दर्शाता है। बालको प्रचालन के आसपास रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बालको के विभिन्न पहल से सुरक्षित कार्यस्थल संस्कृति को मिल रहा बढ़ावा

**बालकोनगर ( दिव्य आकाश )।**

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। यह प्रशिक्षण कर्मचारियों को सीपीआर, सामान्य घाव की देखभाल और आपात स्थितियों के प्रबंधन सहित आवश्यक जीवन रक्षक कौशल सीखाने पर केंद्रित था। चिकित्सा विशेषज्ञों ने सत्र का नेतृत्व किया जिसमें विभिन्न विभाग के कर्मचारी और व्यावसायिक साझेदारो ने भाग लिया जिसमें लगभग 160 कर्मचारी शामिल हुए।

प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के अलावा कंपनी ने कर्मचारियों के लिए सीपीआर और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रशिक्षण आयोजित किया। प्रशिक्षण को अनिवार्य रूप से जीवन रक्षक कौशल प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। कार्यक्रम आपात स्थितियों से निपटने के लिए प्रभावी कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) करने पर ध्यान केंद्रित था। प्रशिक्षण का उद्देश्य सुरक्षा को बढ़ाना, आपात स्थिति में प्रतिक्रिया समय को कम करना और आपातकालीन स्थितियों के लिए तैयारी सुनिश्चित करना था जो सुरक्षित कार्यस्थल वातावरण में योगदान देता है।





इसके अलावा दो दिवसीय हाइड्रोलिक्स प्रशिक्षण सत्र कार्बन विभाग के कर्मियों को सुरक्षित और कुशल संचालन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस सत्र का नेतृत्व पार्कर हॅनिफ़िन कॉर्पोरेशन के सुनील हाजिरनिस ने किया। हाइड्रोलिक्स को संभालने में उनका 35 से अधिक वर्षों का अनुभव हैं। विभाग के 20 कर्मचारियों ने प्रशिक्षण लिया। सुरक्षित कार्यस्थल की संकल्पना को सुनिश्चित करते हुए सभी ने हाइड्रोलिक्स संबंधित सुरक्षा की सभी बारीकियों को सीखा।

### महिलाओं के लिए भी कार्यशाला का आयोजन

बालको ने समुदाय की 60 से अधिक महिलाओं के लिए सड़क सुरक्षा कार्यशाला आयोजित किया। कार्यशाला सड़क के संकेतों को समझने एवं सीट-बेल्ट और हेलमेट के महत्व पर केंद्रित था। सत्र को प्रश्नोत्तरी समापन के साथ व्यावहारिक कौशल से लैस करते हुए प्रशिक्षण की प्रभावशीलता सुनिश्चित की गई।

### वाहन सुरक्षा और ड्राइविंग पर कार्यशाला

बालको की मासिक सुरक्षा अभियान 'सुरक्षा संकल्प' का आयोजन विभिन्न विभागों में किया गया। 'वाहन सुरक्षा और ड्राइविंग' पर आधारित कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों के बीच सुरक्षित ड्राइविंग प्रथाओं और उचित वाहन रखरखाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। कंपनी के जीरो हार्म की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए दैनिक संचालन में सुरक्षा प्रोटोकॉल के महत्व से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी कर्मचारियों के बीच सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना है जो सुरक्षित कार्यस्थल बनाए रखने के लिए बालको की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

# मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना:कार्य पूर्ण हुए एक साल हो गए, लेकिन ठेकेदारों को भुगतान न मिलने से परेशान, कलेक्टर से फिर लगाई गुहार

**कई ठेकेदारों को प्रथम किश्त भी नहीं मिला, कुछ स्कूलों में छप्पर उड़ने की हो रही जांच, भुगत रहे सब ठेकेदार**

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

तात्कालीन कांग्रेस सरकार के समय कोरबा के जर्जर स्कूलों की मरम्मत के लिए मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग एवं नगर निगम में निविदा निकाली थी। ठेकेदारों ने वर्कऑर्डर मिलने पर स्कूलों की मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया, लेकिन ठेकेदारों को आज तक भुगतान नहीं किया गया।

6 माह पूर्व ठेकेदारों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर भुगतान की मांग की थी और ठेकेदार रायपुर का दौरा कर शिक्षा सचिव को भी ज्ञापन सौंपा था, जिसके बाद कुछ ठेकेदारों को प्रथम किश्त की राशि जारी कर दी गई थी, लेकिन कुछ ठेकेदारों को अभी भी प्रथम किश्त की राशि का भुगतान नहीं हो पाया। ठेकेदारों ने कलेक्टर को फिर से आवेदन दिया है और कलेक्टर से आग्रह किया है कि जिन विद्यालयों की मरम्मत का कार्य पूर्ण हो गया है और किसी प्रकार की शिकायत नहीं है, ऐसे ठेकेदारों को पूर्ण भुगतान हेतु निर्देशित करने का आग्रह किया है।

**कुछ विद्यालयों के छप्पर उड़ गए थे, जांच हुई**

बीते गर्मी के मौसम में आंधी-तुफान आने के कारण स्कूल जतन योजना के तहत कुछ ठेकेदारों द्वारा मरम्मत किये गए स्कूलों के छप्पर (टिन) उड़ गए थे, जिसमें शिक्षा विभाग द्वारा जांच करायी गई, लेकिन रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक नहीं की गई, ना ही कार्य कराये ठेकेदारों को नोटिस जारी किया गया। कुछ ठेकेदारों की लापरवाही का खामियाजा सभी ठेकेदार भुगत रहे हैं और सभी ठेकेदारों का भुगतान रोक दिया गया है। ठेकेदारों ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि जहां शिकायत नहीं है, उन ठेकेदारों का भुगतान रिलिज करने का आग्रह किया है।

**प्रथम किश्त न मिलने से कई स्कूलों की मरम्मत अधूरी**

ठेकेदारों ने कलेक्टर को दिये पत्र में कहा है कि स्कूल जतन योजना के तहत कई ठेकेदारों को प्रथम किश्त की राशि भी जारी नहीं की गई है, जिसके कारण कई स्कूलों का मरम्मत कार्य अधूरा पड़ा है, इस हेतु ठेकेदारों की आर्थिक बदहाली पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर से निवेदन किया गया है कि जिनकी प्रथम किश्त की राशि का भुगतान नहीं हुआ है, ऐसे ठेकेदारों पर भी अनुग्रह करें। ठेकेदारों ने प्रतिलिपि में केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, पाली-तानाखार विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम को भी पत्र सौंपकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया है। साथ ही कार्यपालन अभियंता -आरईएस को भी प्रतिलिपि दी गई है।

किराए से देना है

कोरबा के हृदय स्थल टी.पी. नगर कोरबा होटल ब्लू डायमंड के सामने प्रथम मंजिल में स्थित 3000 स्क्वायर फीट हॉल जिसमें 2 सेप्रेट वाशरूम, फाल सिलिंग, विट्रीफाइड फ्लोर एवं सुसज्जित हॉल शीघ्र किराए पर देना है। बैंक, ऑफिस कार्य, कोचिंग सेंटर, जिम आदि के लिए उपयुक्त और सुव्यवस्थित जगह।

संपर्क करें:-
गोपाल राय सोनी
अमृता ज्वेलर्स, एस.एस. प्लाजा कोरबा
मो.: 77480-44444, 88270-47777

# सीएसपीजीसीएल कोरबा वेस्ट-1 और एकलव्य सुपर-50 को कोरबा बैडमिंटन लीग-2024 चैंपियन का खिताब

**महिला वर्ग में स्वाति सिंह व डॉ ज्योति श्रीवास्तव विजेता तो अशोक शर्मा व डॉ शिरीन लाखे की जोड़ी बनी 65 प्लस की चैंपियन**

**बालकोनगर ( दिव्य आकाश )।**

एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के बैनर तले आयोजित कोरबा बैडमिंटन लीग-2024 के रोमांचक मुकाबलों में पहले सीजन के विजेताओं का फैसला हो गया। फाइनल में धुआंधार प्रदर्शन करते हुए 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग पुरुष में सीएसपीजीसीएल कोरबा वेस्ट-1 और 50 वर्ष से अधिक आयु पुरुष वर्ग में एकलव्य सुपर-50 की टीम ने कोर्ट में अपना दबदबा साबित करते हुए चैम्पियन के खिताब पर कब्जा कर लिया। इसी कड़ी में 30 प्लस महिला वर्ग में स्वाति सिंह, 50 प्लस महिला वर्ग में डॉ ज्योति श्रीवास्तव और 65 प्लस पुरुष वर्ग में अशोक शर्मा व डॉ शिरीन लाखे की जोड़ी ने विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। सभी विजेता टीमों और खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रहे श्रम, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री एवं पार्षद नरेंद्र देवांगन भी मौजूद रहे, जिन्होंने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की।

नगर निगम कॉलोनी निहारिका के मनोरंजन क्लब स्थित एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना में कॉर्पोरेट प्रीमियर लीग सीजन-1 (कोरबा बैडमिंटन लीग-2024) का तीन दिवसीय टूर्नामेंट आयोजित किया गया। रविवार 30 सितंबर की सुबह फाइनल मुकाबले खेले गए और शाम 7 बजे समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे श्रम-उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना की इस पहल की सराहना करते हुए सीजन-1 के सफलतम आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। इसके साथ ही मंत्री श्री देवांगन ने केबीएल-2024 के विजेताओं को पुरस्कृत किया। टूर्नामेंट में 30 प्लस पुरुष वर्ग जीतने वाली टीम सीएसपीजीसीएल कोरबा वेस्ट-1 का प्रतिनिधित्व कर रहे बैडमिंटन खिलाड़ी अविनेश पाठक, नरेंद्र कुमार उइके व सीमांत मिंज ने ट्रॉफी पर कब्जा किया। इस ईवेंट में एकलव्य सुपरकिंग्स से अनुराग डे, जगदेव सिंह व ओमप्रकाश साहू की टीम रनरअप रही। 50 वर्ष से अधिक आयु पुरुष वर्ग में विजेता रहे एकलव्य सुपर-50 के खिलाड़ियों डॉ संजय अग्रवाल, मनीष कुमार, भूषण राम उरांव व दलजीत सिंह भाटिया ने विजेता का पुरस्कार प्राप्त किया। इस ईवेंट में सीएम एंड एचओ की टीम रनर अप रही, जिसका प्रतिनिधित्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सूर्यनारायण केशरी व डॉ प्रभात पाणिग्रही ने किया।



मुख्य अतिथि देवांगन-ट्राफी के साथ क्लब अध्यक्ष डॉ. संजय अग्रवाल

### 65 व 50 प्लस में इस जोड़ियों ने कोर्ट में ढाया कहर

65 प्लस पुरुष वर्ग से वरिष्ठ बैडमिंटन खिलाड़ियों अशोक शर्मा व डॉ शिरीन लाखे की जोड़ी ने चैम्पियनशिप जीता और इस ईवेंट में सुधीर रेगे व जागेश सामंता की जोड़ी उपविजेता रही। 30 प्लस महिला वर्ग में श्रीमती स्वाति सिंह विजेता और श्रीमती भावना देशमुख उपविजेता रहीं। 50 प्लस महिला वर्ग में डॉ ज्योति श्रीवास्तव विजेता और श्रीमती स्वाति रेगे उपविजेता रहीं।

### डॉ संजय अग्रवाल ने जताया आभार



एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना कोरबा के अध्यक्ष डॉ संजय अग्रवाल ने आयोजन सफल बनाने अपनी पूरी टीम के अथक परिश्रम व टूर्नामेंट में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से सहयोग प्रदान करने वाले सभी लोगों का आभार जताया। उन्होंने स्पर्धा के खिलाड़ियों, केबीएल में हिस्सा लेने वाली टीमें प्रशासन-पुलिस, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, कोरबा प्रेस क्लब, कॉर्पोरेट्स में सीएसपीजीसीएल, बालको, एनटीपीसी, एसईसीएल, स्वयंसेवी संस्था रोटरी क्लब समेत सभी को आयोजन का हिस्सा बनने पर आभार व्यक्त किया है।

### अन्नू थॉमस ने सुझाया था केबीएल-1 के इस यादगार ईवेंट का कांसेप्ट

विशेष उल्लेखनीय होगा कि अन्नू थॉमस ने केबीएल-1 के इस यादगार ईवेंट का कांसेप्ट पेश किया था। इसके बाद क्लब सदस्यों ने इसे आयोजन का रूप दिया।

**कार्यक्रम को सफल बनाने में इनका योगदान-** एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के अध्यक्ष डॉ संजय अग्रवाल की अगुवाई में आयोजित इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट को सफल बनाने कोरबा जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अशोक शर्मा, सचिव गोपाल शर्मा व कोषाध्यक्ष डॉ शिरीन लाखे का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन, एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के सचिव मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष सोनल फेलिक्स, भूषणराम उरांव, डॉ दिनेश सोनी, अनुराग डे, नितिन गुप्ता, दलजीत सिंह भाटिया, जगदेव, ओम प्रकाश साहू, देव पैकरा, सुधीर रेगे, स्वाति रेगे, चीफ रेफरी सूर्यकांत ठाकुर, चेयर अंपायर अमरजीत व कुणाल राजवाड़े का अमूल्य योगदान रहा।

# एसईसीएल दीपका के पुनर्वास ग्राम चैनपुर-बतारी में समस्याओं का अंबार

**अजय जायसवाल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन**



**कोरबा/दीपका ( दिव्य आकाश )।**

एसईसीएल के भारी वाहनों से एक ओर जहां लोगों का आना जाना दूभर हो गया है, वहीं एसईसीएल के पुनर्वास ग्रामों में समस्याओ का अंबार बना हुआ है और एसईसीएल प्रबंधन के रवैय्ये से भू-विस्थापित ग्रामीण परेशान हैं। पुनर्वास ग्रामों में बुनियादी सुविधाओं के लिए भी भूमि पुत्र तरस रहे हैं। दूसरी ओर सिरकी मोड़ में जाम की समस्या आम हो चली है और भारी वाहन चालक यातायात नियमों की अनदेखी कर जहां मिला, जैसे मिला हाईवा, ट्रेलर को घूसा देते हैं, जिसके कारण सड़कों में जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है और राहगीर परेशान हो जाते हैं। ओव्हरटेक और जल्दी निकलने की प्रतिस्पर्धा के कारण जाम की स्थिति ज्यादा निर्मित होती है।

कई सारी समस्याओं को लेकर जिला पंचायत कोरबा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता अजय जायसवाल को ग्रामीणों ने समस्याओं से अवगत कराया और आवश्यक बैठक लेकर निर्णय लिया गया कि समस्याओं से जीएम को अवगत कराया जाएगा और समस्याओं का निदान न होने पर सड़क की लड़ाई लड़ी जाएगी। आज श्री जायसवाल के नेतृत्व में ग्रामीण दीपका महाप्रबंधक से मुलाकात की और समस्याओं से अवगत कराया, साथ ही उन्हें ज्ञापन भी सौंपा गया।

मुलाकात के बाद महाप्रबंधक ने सकारात्मक पहल करने की बात की और कहा कि समस्याओं का निदान होगा एवं मैं स्वयं जाकर निरीक्षण करूंगा।

जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष अजय जायसवाल ने महाप्रबंधक को ज्ञापन देते हुए कहा कि दीपका सिरकी मोड़ की स्थिति बहुत खराब है और आए दिन वहां से लेकर तीवरता तक घंटों ट्रकों का जाम लगा रहता है । दीपका से बिलासपुर-रायपुर जाने का एक मात्र रास्ता होने के कारण आम जनता को घंटो जाम में फंसे रहना पड़ जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए तत्काल सिरकी मोड़ से तिवरता तक सड़क को फोर लेन बनाना अत्यंत आवश्यक है। इसके अलावा दीपका के पुनर्वास ग्राम चैनपुर-बतारी में काफी समस्याएं हैं, जिनसे महाप्रबंधक को अवगत कराया गया। सड़कों का डामरीकरण, सामुदायिक भवन का मरम्मत, तालाब गहरीकरण, पचरी निर्माण, स्ट्रीट लाइट आदि के संबंध में चर्चा की गई, जिसके समाधान के लिए मुख्य महाप्रबंधक संजय मिश्रा ने तत्काल कार्यवाही का विश्वास दिलाया और कहा कि मै स्वंय जाकर देखुंगा । इस अवसर पर जी एम माइनिंग खनन मनोज प्रसाद एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

र्‌यूमीकैप (RHEUMICAP)




र्‌यूमीकैप वात सम्बन्धित रोग जैसे शूल, आमवात, सन्धिवात, कटिग्रह, गृध्रसी में अचूक औषधि है, र्‌यूमीकैप कुचला, इन्द्रायान, मूल गुडूची, रसौल, लहसुन, कुलिंजन बीज, शु. गुग्गुल, रास्नापत्र, इन्द्रजौ और अमलताश आदि औषधियों का मिश्रण है। इस औषधि का प्रधान कार्य वातवाहिनी नाड़ियों पर होता है। जब वायु कुपित हो भयंकर वेदना उत्पन्न करती है तब यह कैप्सूल विशेष प्रभावकारी होता है।
Bharat Ayurvedic Works, Mob.: 9897489900

सीएसईबी चौक
स्टेडियम रोड
ट्रांसपोर्ट नगर चौक
मुड़ापार रोड

आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श
गाठिया, जोड़ों का दर्द, साईटिका, श्वास, दमा, खांसी पुराना नजला, गैस, खाज, खुजली, शुगर, बवासीर, पथरी, लिकोरियो मर्दो व औरतों के गुप्त रोगों के निराश रोगी ईलाज के लिए मिलें।
डॉ. वाय. भारद्वाज (एम.डी.) (एन.एम.)
पतंजलि श्रीश्री आयुर्वेद बैद्यनाथ Dabur ZANDU
शराब छुड़ाने की हर्बल दवा उपलब्ध
सभी कंपनियों के आयुर्वेदिक दवाईयों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता
एक कदम आयुर्वेद की ओर ... स्वस्थ रहो अभियान...
शिव हर्बल आयुर्वेदिक एण्ड कॉस्मेटिक
शॉप नं. 07 अल्का काम्प्लेक्स, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो.: 9302358945



## गोयल परिवार द्वारा पितृ मोक्षार्थ गयाश्राद्ध निमित्त किया गया भंडारे का आयोजन, हजारों लोगों ने किया भोग ग्रहण





**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

गोयल परिवार ( सिंघानी ) द्वारा गत 03 सितंबर से 10 सितंबर तक पॉवर हाऊस रोड स्थित पीली कोठी, दीनदयाल मार्केट परिसर में पितृ मोक्षार्थ गयाश्राद्ध निमित्त श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया था और एक सप्ताह तक कोरबावासियों ने इसका रसपान कर पूण्यलाभ प्राप्त किया था। इसके बाद 15 दिन तक गया में विभिन्न आध्यात्मिक आयोजन गोयल परिवार द्वारा संपन्न कराया गया और आज पीली कोठी में गोयल परिवार द्वारा पितृ मोक्षार्थ गयाश्राद्ध निमित्त भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दोपहर 1 बजे से परिवारजनों, स्वजनों सहित कोरबावासी बड़ी संख्या में पहुंचे और भंडारा में शामिल होकर भोग ग्रहण किये। आयोजक पवन अग्रवाल एवं संजय अग्रवाल ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और आभार जताया।

## देवी दर्शन के लिए निकले नेता प्रतिपक्ष व सांसद

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

शारदीय नवरात्रि पर्व पर देवी दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत व कोरबा सांसद



ज्योत्सना महंत तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान 6 अक्टूबर को आदिशक्ति मां महामाया देवी रतनपुर पहुंचकर दर्शन करेंगे। इसके बाद महिषासुर मर्दिनी मंदिर चैतुरगढ़ पहुंचकर देवी दर्शन के बाद कटघोरा के लिए रवाना होंगे। कटघोरा में नगर पालिका अध्यक्ष रतन मित्तल द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के उपरांत कोरबा रवाना होकर पुरानी बस्ती स्थित स्व. इशहाक रिज्वी बाबा खान के निवास पहुंचकर कर शोक संतृप्त परिजनों से मिलेंगे व कोरबा में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। रात्रि विश्राम कोरबा में करने के बाद अगले दिन 7 अक्टूबर को छुरी में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होकर जांजगीर-चाम्पा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के निवास पहुंच कर उनके अनुज स्व. शेखर चंदेल के दशगात्र कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे व नैला में स्थित मां दुर्गा पूजा महोत्सव में शामिल होकर खोखरा में देवी दर्शन के बाद सक्ती में मां महामाया देवी दर्शन व महिला जागृति एवं मित्र क्लब द्वारा आयोजित रास-गरबा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। रात्रि विश्राम सारागांव में करेंगे। अगले दिन 8 अक्टूबर को गृहग्राम सारागांव में स्थानीय जनों से भेंट कर रायपुर के लिए रवाना होंगे।

## सांसद ज्योत्सना महंत का अपमान: कांग्रेसियों का प्रदर्शन,कटघोरा रेंजर को नोटिस जारी




**कोरबा/कटघोरा ( दिव्य आकाश )।**

कटघोरा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महासचिव हरीश परसाई के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने डीएफओ कटघोरा कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और एसडीओ संजय त्रिपाठी को ज्ञापन सौंप कर दोषी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की मांग की है।

**सांसद का नेम प्लेट मिला था कूड़ेदान में**

वनमंडलाधिकारी -वनमंडल कटघोरा कार्यालय परिसर में बीते जून माह में पर्यावरण दिवस मनाया गया था, जिसमें परिसर में अतिथियों एवं उपस्थितजनों ने बड़ी मात्रा में पौधरोपण किया था। पेड़ों को लगाने के बाद अतिथियों का नेम प्लेट एवं उनकी माता का नाम लिखकर लगाया गया था। तीन दिन पूर्व सांसद का नेम प्लेट कूड़ेदान में मिला। उक्त नेमप्लेट पर एक कांग्रेसी नेता की नजर पड़ी और सभी नेताओं को इसकी जानकारी दी गई। कांग्रेसियों ने मांग की कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें वरना उग्र आंदोलन किया जाएगा।

हरिश परसाईं के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने वनमंडल कटघोरा कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और डीएफओ को बर्खास्त करने की मांग करते हुए हल्ला बोल दिया। आंदोलन प्रदर्शन में शहर कांग्रेस कमेटी कटघोरा अध्यक्ष राजीव लखनपाल एंव युवा कांग्रेस जिला महासचिव मधुसूदन दास के संयुक्त नेतृत्व में हुआ। कटघोरा वनमंडल की लापरवाही से कूड़े में मिले कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास के नेम प्लेट के मामले को लेकर वनमंडल कार्यालय में जमकर नारेबाज़ी करते हुए अधिकारियो से माफ़ी माँगने एव जिम्मेदार अधिकारी के ऊपर कार्यवाही की माँग को लेकर कटघोरा में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन को देखते हुए तुरंत वनविभाग द्वारा रेंजर अशोक मन्नेवार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कार्यवाही का आश्वासन देते हुए विभाग द्वारा खेद व्यक्त किया गया, तब जाकर समस्त कांग्रेसी शांत हुए । इस अवसर पर शेख इश्तियाक,राजीव लखन पाल ,अशरफ मेमन,हसन अली,एनएसयूआई जिलाध्यक्ष दीपक वर्मा,युकां उपाध्यक्ष दीपेश यादव, शिवनंदन कुजूर, विनोद उर्रे,राज जायसवाल,जय कंवर, ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद कारके, मुकेश ऊसर्वर्षे, श्रवण कुमार, निसार अहमद, रविंद्र मोहन बघेल, घनश्याम मालवणी, हरीश यादव, रमेश यादव,आदिल,अयान,उमेश यादव सहित कांग्रेस युवा कांग्रेस एनएसयूआई के साथी उपस्थित थे ।

**आंदोलन के बाद डीएफओ को होश आया, तब हुई कार्यवाही**

कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत की नाम पट्टिका कचरे के ढेर में मिलने के मामले में कांग्रेसजनों की आपत्ति और आंदोलन के उपरांत कटघोरा वन मंडल अधिकारी कुमार निशांत को होश आया और कटघोराक रेंजर अशोक मन्नेवार को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने कहा है।

नोटिस में कहा गया है कि कटघोरा वनमण्डल अतर्गत कटघोरा परिक्षेत्र में विगत माह जुलाई 2024 को शासन के निर्देशानुसार एक पेड माँ के नाम वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें कोरबा लोकसभा सांसद श्रीमति ज्योत्सना चरणदास मंहत सम्मलित हुई थीं। उनके द्वारा पौधा रोपण के समय रोपित पौधा के सम्मुख उनके नाम का बोर्ड भी लगाया गया था, जो समाचार के अनुसार वनमण्डल कटघोरा के पीछे जिला सहकारी बैंक के पास कूड़े के पास पड़ा मिला है। अत: उक्त संबंध में अपना स्पष्टीकरण 03 दिवस के भीतर उप वन मण्डल अधिकारी पाली के माध्यम से डीएफओ कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें, अन्यथा इस संबध में कुछ नहीं कहना है, मान कर एकपक्षिय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेदार होंगे।



## पत्रकार दिनेश राज मेडिकल कॉलेज की एंटी रैगिंग समिति में बने सदस्य

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

स्व. बिसाहू दास महंत मेडिकल कॉलेज में एंटी रैगिंग समिति का गठन किया गया है। शहर के पत्रकार (दैनिक भास्कर) एवं कोरबा प्रेस क्लब के पूर्व सचिव दिनेश राज को मेडिकल कॉलेज की एंटी रैगिंग समिति का सदस्य बनाया गया है। इस संबंध में महाविद्यालय के अधिष्ठाता ने सूचना जारी की है। समिति कॉलेज में रैगिंग की रोकथाम एवं अनुशासन बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

श्री राज ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में बेहतर वातावरण बनाए रखने में सहयोग के लिए उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उनका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन कर छात्र हित में कार्य करेंगे। श्री राज की नियुक्ति से प्रेस जगत में हर्ष व्याप्त है। पत्रकारों सहित शुभचिंतकों ने श्री राज को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी है।

## हेलमेट जरूर लगाएं और जिंदगी के साथ पर्यावरण बचाएं की थीम लेकर 42 राइडर्स ने की कान्हा किसली तक 700 किमी की बुलेट राइड

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**




शहर के युवा इंजीनियर आलोक दिवाटे के नेतृत्व में एक बार आज कुछ बेहतर करते हैं, का लक्ष्य लेकर एक बार फिर एक रोमांचक राइडिंग की गई। इस बार की बुलेट राइड में 7 महिलाओं समेत कुल 42 साहसी राइडर्स की टीम ने 700 किलोमीटर की रोमांचक राइड पूरी की। रॉयल एनफील्ड पर की गई इस राइड का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ सड़क पर जिंदगी की सुरक्षा रखा गया एल, जिसमें सभी बाइकर्स को बाइक ड्राइव करते वक्त अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनना जरूरी है, का संदेश दिया गया।

मानव सेवा, राष्ट्रीयता, सड़क सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर रोमांचक राइडिंग आयोजित करने वाले राइडर्स ग्रुप की ओर से एक नई पहल की गई है। रॉयल एनफील्ड टीपी नगर कोरबा के डीलर कैलाश ऑटो की अगुआई में इस बार की राइड कोरबा से कान्हा नेशनल पार्क तक रखी गई थी। वन्य जीवन को बचाएं और प्रकृति को बचाएं की थीम पर राइड में मुख्य रूप से इंजीनियार आलोक दिवाटे, करतार सिंह तपिश चौरे, गोगी, कवलजीत सिंह, आशुतोष, योर फोटोग्राफर शिवम नरडे एवं फेयरटेल स्वाति तिवारी समेत बड़ी संख्या में राइडर्स शामिल हुए। यह राइड 27 सितंबर कोरबा से निकली थी, जिसमें 7 महिलाओं समेत कुल 42 राइडर्स ने 700 किलोमीटर बुलेट राइड की। 27 और 28 सितंबर को टीम ने कान्हा किसली के जंगल स्थित किंग रिसॉर्ट में स्टे किया। इस दौरान जंगल सफारी भी की और 29 सितंबर को कोरबा के लिए वहां से प्रस्थान किया। पहले दिन राइड की शुरुआत जश्न रिसॉर्ट में ब्रेकफास्ट से हुई। उसके बाद कुमार पेट्रोल पंप से फ्यूल लेकर राइडर रवाना हुए। ढ्ढह्रष्टरु के वरिष्ठ प्रबंधक (खुदरा बिक्री) नितिन साहू, सहायक प्रबंधक (रिटेल सेल्स) अभिषेक मधुकर और कुमार सर्विस सेंटर के डीलर यशवन्त कुमार डीलर ने हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना किया। फ्लैग होस्टिंग वरिष्ठ प्रबंधक नितिन साहू ने किया। आईओसीएल द्वारा राइडर्स के लिए पेट्रोल स्पॉन्सर किया गया, जो आईओसीएल का बेस्ट पेट्रोल एक्सपी 95 के लिए तैयार किया गया है।

## राजवाड़े समाज ने सामाजिक भवन की स्थापना के 8 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया स्थापना दिवस



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

राजवाड़े कुर्मी समाज कुंआ भट्टा स्थित राजवाड़े सामाजिक भवन की स्थापना के 8 साल पूरा होने पर एकजुट हुआ और सामाजिक भवन के स्थापना दिवस के बहाने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई, साथ ही केन्द्रीय राजवाड़े समाज के द्विवार्षिक चुनाव पर भी चर्चा की गई। शहरी अध्यक्ष कृपासिंधु राजवाड़े की अध्यक्षता में स्थापना दिवस मनाया गया । समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में आवश्यक बैठक भी हुई, जिसमें हनुमान मंदिर निर्माण की गति बढ़ाने पर तथा धन जुटाने पर आवश्यक चर्चा हुई। इस अवसर पर रोहित राजवाड़े, जगदीश राजवाड़े, शैलेन्द्र राजवाड़े, रामधन राजवाड़े, जीवनलाल राजवाड़े, बलिराम राजवाड़े सहित वरिष्ठजन उपस्थित थे। 2016 में 02 अक्टूबर को राजवाड़े सामाजिक भवन की नींव रखी गई थी। इस अवसर पर उपस्थितजनों द्वारा महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन किया और परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया।

## मोदी की घोषणा पूरी करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर विद्युत विभाग ठेका कर्मचारी मिले मुख्यमंत्री से, सौंपा ज्ञापन



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

विद्युत विभाग ठेका कर्मचारियों द्वारा अपनी विभिन्न मांगो को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे और उन्हें ज्ञापन सौंपा। मुख्य मांग 4000रूपए श्रम सम्मान निधि एवं केंद्रीय वेतन जो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषणा की गयी थी, उसे भी मुख्यमंत्री के संज्ञान में ठेका कर्मचारियों ने लाया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ठेका कर्मचारियों की समस्याएं सुनी और आश्वस्त किया कि इस विषय पर जल्द ही निर्णय लिया जायेगा और उनके द्वारा यह भी अश्वासन दिया गया की हमारी मांगो को लेकर केंद्र मे बात करेंगे तथा जल्द ही 4000 श्रम सम्मान निधि राशि का लाभ आउटसोर्सिग/ठेका कर्मचारियों को भी इसका लाभ दिलाने आश्वस्त किया। इस अवसर पर प्रदेश संयुक्त महामंत्री दर्शन कुमार रजक, सचिव राकेश वर्मा, जांजगीर-चांपा अध्यक्ष दिलीप निर्मलकर, और ड्रिस्ट्रीब्यूशन कोरबा से ललित बरेठ तथा अन्य ठेकाकर्मी उपस्थित रहे।

## पारा 33 पर पहुंचा

कोरबा। बारिश बंद हुए 5 दिन बीत गए। दोपहर होने के बाद उमस बढ़ जाती है। मौसम विज्ञान के अनुसार अभी पारा 33 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। दिन के बाद रात में भी उमस से लोग परेशान दिख रहे हैं।

## जल जगार महाउत्सव : हाफ मैराथन के ज़रिये जल बचाने की क़वायद में लोग दिखा रहे उत्साह

**धमतरी।**






धमतरी जिले में जल जगार महा उत्सव के दौरान रविवार दूसरे दिन अल सुबह हाफ मैराथन में सैकड़ों की तादाद में लोग पहुँच गये और जल जागरूकता के लिए आयोजित इस विराट आयोजन का हिस्सा बने । रविशंकर जलाशय गंगरेल डैम के मुहाने से शुरू हुई इस हाफ मैराथन को तीन श्रेणियों में आयोजित किया गया । इसमें गंगरेल हाफ मैराथन, एन्डुरन्स रन और वॉकेथॉन शामिल है।

गौरतलब है कि गंगरेल हाफ मैराथन के तहत 21.1 किलोमीटर का मैराथन रन एन्डुरन्स रन के तहत 10 किलोमीटर का मैराथन और इसके साथ ही पारिवारिक मनोरंजन के लिए वॉकेथॉन के तहत 5 किलोमीटर का मैराथन में पुरुष और महिला दोनों श्रेणी में लोग हिस्सा लेते नज़र आये । ज्ञात हो यह पूरा आयोजन गंगरेल डैम के गेट से लेकर कुकरेल तक आयोजित किया गया और इससे पहले स्वस्थ तन मन के लिए जुंबा करते विभिन्न धुनों पर लोग थिरकते भी नज़र आये।

## एन्डुरन्स रन में दिखा जज्बा : 77 की उम्र में लगाई 10 किलोमीटर दौड़



**रायपुर।**

धमतरी जिले में जल जगार महोत्सव मनाया जा रहा है, जिसके तहत लोगो क़ो जल और पर्यावरण क़ो संरक्षित रखने का संदेश देने प्रदेश और जिले के नागरिकों ने गंगरेल हाफ मैराथन, एन्डुरन्स रन और वॉकेथॉन में अपनी सहभागिता निभायी।

मैराथन में 10 किलोमीटर के एन्डुरन्स रन में धमतरी निवासी सुकलाल अवड़े का बहेतरीन जज्बा दिखाई दिया। सुकलाल अवड़े ने बताया कि उनकी उम्र 77 वर्ष कि है और वे धमतरी के रहने वाले है। उन्होंने पहली बार मेराथन में हिस्सा लिया और इस दौड़ क़ो समय पर पूरा करके बहुत खुश है। उन्होंने बताया कि वे बेडमिंटन के खिलाडी है और वे 47 साल से बेडमिंटन खेल रहे है। अपनी फिटनेस के श्रेय उन्होंने संयमित खानपान, व्यायम, नशे से दूरी और कड़ी मेहनत क़ो दिया। श्री सुकलाल अवड़े ने बताया कि इस वर्ष बेस्ट मोटिवेशनल प्लेयर 2024 का अवार्ड रेलवे द्वारा चारोदा में दिया गया था। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सरकार के कुशल नेतृत्व में धमतरी जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण के लिये किए जा रहे प्रयासों को सराहा।

## दुर्घटना में कट गये थे दोनों पांव, फिर भी बचा ली जान

**रायपुर।**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुशल स्वास्थ्य प्रबंधन और त्वरित उपचार को प्राथमिकता देने का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना की मदद से जरूरतमंद लोगों को लगातार मदद मिल रही है। पांच जुलाई को कोण्डागांव से रायपुर आ रहे 25 वर्षीय युवक शिराज हुसैन की मोटरसायकिल, ट्रक से दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। दुर्घटना में शिराज के दोनो पांव ट्रक के नीचे आ गए थे। उसके परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नही थी कि एक निजी अस्पताल में भर्ती उसके उपचार का खर्च वह उठा सकें। गंभीर रूप से घायल शिराज को राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से उपचार के



लिए 10 लाख रू. की मदद दी गई।

# श्रेष्ठ से सर्वश्रेष्ठ करने की चाहत ने संतोष सिंह को दिलाई बड़ी उपलब्धि

# लिमरा इंटरनेशनल क्वालिटी अवार्ड से सम्मानित

समस्त प्रदेशवासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं...




## एलआईसी : पॉलिसीधारकों के जीवन को समृद्ध एवं खुशहाल बनाने का सबसे विश्वसनीय और सबसे बड़ा माध्यम




**कोरबा (दिव्य आकाश)।** भारतीय जीवन बीमा निगम कोरबा क्र.01, कोसाबाड़ी के मुख्य जीवन बीमा सलाहकार संतोष सिंह का एलआईसी के कैरियर में 25 साल पूर्ण हो गए। इन 25 सालों में लगातार 4 बार दुनिया की सबसे बड़ी बीमा पद्वी टीओटी, 2010 से लगातार सीओटी, 2006 से लगातार एमडीआरटी की अर्हता हासिल करने वाले श्री सिंह को इस कैलेण्डर वर्ष में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। उन्हें भोपाल जोन में आयोजित भव्य समारोह में लिमरा इंटरनेशनल क्वालिटी अवार्ड से सम्मानित किय गया। यह कोरबा के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। बीमा क्षेत्र में लिमरा इंटरनेशनल क्वालिटी अवार्ड को प्राप्त करना एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। 3 साल के कई कठिन मापदण्डों को पूरा करने के बाद यह अवार्ड दिया जाता है, जिसमें प्रमुख रूप से लगातार 3 वर्षों तक एमडीआरटी, पॉलिसी लेप्सेस रेसियो 5 प्रतिशत से कम होनी चाहिए, लगातार 3 वर्षों तक प्रति वर्ष 100 लोगों का बीमा कराना अनिवार्य होता है। इनके अलावा और कठिन मापदण्डों को पूरा करने के बाद संतोष सिंह को 25 साल के कैरियर में प्रथम बार यह अवार्ड दिया गया। जोनल मैनेजर सहित वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एलआईसी चेयरमेन का हस्ताक्षरयुक्त प्रशस्ति पत्र, शिल्ड से सम्मानित किया गया। कोरबा के लिए संतोष सिंह को लिमरा अवार्ड मिलना बड़ी उपलब्धि है। उन्हें इस उपलब्धि के लिए भोपाल जोन, बिलासपुर मण्डल, कोरबा ब्रांच के अधिकारियों सहित लियाफी बिलासपुर संभाग, कोरबा जिला के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

## उपब्धियां-

## संघर्ष और कड़ी मेहनत के बाद उपलब्धियों से भरा संतोष सिंह का एलआईसी में कैरियर

- वर्ष 2018, 2019, 2020 एवं 2021 में बीमा क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी पद्वी टीओटी की अर्हता (बिलासपुर मण्डल का प्रथम टीओटी (टॉप ऑफ द टेबल))
- 2022 में 5 एमडीआरटी, 2023 में 5 एमडीआरटी, 2024 में अब तक सीओटी + एमडीआरटी
- प्रथम प्रीमियम संग्रह (नॉन सिंगल) में एक लाख अभिकर्ताओं के बीच में संतोष सिंह पूरे बिलासपुर जोन में प्रथम।
- 2020 में सर्वाधिक प्रीमियम रूपए 7.00 करोड़ अर्जित कर नया इतिहास गढ़े।
- 15 लाख अभिकर्ताओं के बीच देश के 300 कॉर्पोरेट क्लब मेंबर में संतोष सिंह भी विश्व के सबसे बड़े कॉर्पोरेट क्लब मेंबर में शामिल।
- 2020-21 वित्तीय वर्ष में बीमा भूषण रत्न अवार्ड से सम्मानित।
- बिलासपुर मंडल में सर्वश्रेष्ठ बीमा सलाहकार बनने का रिकार्ड, जिसे अब तक किसी ने नहीं तोड़ पाया, बिलासपुर मंडल के प्रथम टीओटी एवं प्रथम सीओटी का रिकार्ड बरकरार।
- वर्तमान कैलेण्डर वर्ष 2024 में बिलासपुर मंडल में लियाफी रत्न अवार्ड से सम्मानित
- 2006 से लगातार एमडीआरटी की अर्हता, 2010 से लगातार सीओटी की अर्हता।
- अब तक कई देशों में अंतर्राष्ट्रीय बीमा सम्मेलन में सहभागिता एवं सम्मानित : यूएसए एवं सिंगापुर में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में हिन्दी में भाषण देकर भारत का गौरव बढ़ाया।
- फरवरी 2025 में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अवार्ड के लिए चयनित।
- रिकार्ड 8 हजार से अधिक पॉलिसी धारकों का विश्वास।




### लियाफी रत्न अवार्ड से सम्मानित



भारतीय जीवन बीमा निगम बिलासपुर मण्डल अंतर्गत संचालित लियाफी बिलासपुर संभाग के आयोजन में एक भव्य समारोह में छत्तीसगढ़ के पूर्व केबिनेट मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, सीनियर डीविजनल मैनेजर, विपणन अधिकारी, बिलासपुर लियाफी अध्यक्ष इमरान आलम, सचिव संतोष साहू एवं अन्य दिग्गजों की उपस्थिति में संतोष सिंह को वर्ष 2024 का लियाफी रत्न अवार्ड दिया गया। इस सम्मान के लिए संतोष सिंह ने सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताया।




# संतोष सिंह

**बीमा भूषण रत्न, कार्पोरेट क्लब मेंबर**
**टी.ओ.टी.**
**मुख्य जीवन बीमा सलाहकार**
**सीओटी, एमडीआरटी. यूएसए**
**लिमरा अवार्डेड, लियाफी रत्न**

**उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।**
**क्षुरासन्नधारा निशिता दुरत्यद्दुर्ग पथस्त्त्कवयो वदन्ति॥**

स्वामि विवेकानंद का यह स्लोक हर उन युवाओं के लिए है जो कठिन परिश्रम एवं जज्बे के साथ आगे बढ़ते हुए सफलता प्राप्त करते हैं। विवेकानंद ने कहा था - उठो, जागो, और अपने लक्ष्य को प्राप्त करो। भले ही रास्ते बहुत कठिन और अत्यन्त दुर्गम हों। लेकिन विद्वानों का कहना हैं कि कठिन रास्तों पर चलकर ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। विवेकानंद के इस प्रेरणास्पद स्लोक को संतोष सिंह ने भी अपने जीवन काल में अंगीकार किया और 25 वर्ष पहले जब अपने कैरियर को लेकर अधेड़बुन थे, तो उन्होंने जीवन के कश्मकश में संघर्ष और कड़ी मेहनत को अपना हमसफर बनाया और आज एलआईसी में सफलता की बुलंदियां छू रहे हैं। प्रारंभ में जब तत्समय के विकास अधिकारी (अब सेवानिवृत्त) श्री आर.एस. दशाज से संपर्क हुआ तो उन्होंने संतोष सिंह को एलआईसी में बतौर अभिकर्ता कैरियर बनाने की सलाह दी। उनके मार्गदर्शन में उन्होंने पॉलिसी लेना प्रारंभ किया, लेकिन नवसिखिए संतोष सिंह एक दिन में कई लोगों से मिलते, लेकिन उन्हें महीनों तक एक भी पॉलिसी नहीं मिली। दर-दर भटकते, तनाव में आते, लेकिन उन्होंने संषर्घ करना नहीं छोड़ा। श्री दशाज बार-बार समझाते और उनका उत्साहवर्धन करते। महीनों के संघर्ष और कड़ी मेहनत के बाद संतोष सिंह को धीरे-धीरे पॉलिसी मिलने लगी और इस तरह विकास अधिकारी आर.एस. दशाज ने एक हीरे को तराशा और एक सामान्य युवा को एलआईसी का सितारा बना दिया। संतोष सिंह कोरबा का एक गौरव है, जिन्होंने पूरे देश में एलआईसी के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई। वे देश ही नहीं बल्कि विश्व की सबसे बड़ी अर्हता टीओटी हासिल की। इतना ही नहीं वे देश के उन 300 लोगों में शामिल हैं, जो कॉर्पोरेट क्लब के मेम्बर हैं। संतोष सिंह कहते हैं कि एलआईसी जैसा दूसरा कोई नहीं। एलआईसी में अभिकर्ता एक सामान्य नागरिक नहीं होता बल्कि वह देश निर्माण में भी अपनी अहम भूमिका निभाता है। एलआईसी अभिकर्ताओं का जहां मान बढ़ाता है, वहीं पॉलिसी धारकों एवं उनके परिवार को जीवन में सुख के साथ समृद्धि भी देता है। एलआईसी दुनिया की सबसे बड़ी बीमा कंपनी है, जो भारत की सबसे विश्वसनीय होने के साथ-साथ देश के नव निर्माण में सरकार को देश के विकास के लिए सबसे अधिक धन राशि उपलब्ध कराने वाली सबसे बड़ी कंपनी है। उन्होंने भी 150 करोड़ से भी अधिक राशि पॉलिसीधारकों के माध्यम से देश के नवनिर्माण में अपनी छोटी सी भूमिका निभाई है।

एलआईसी मायने धन की गारंटी- संतोष सिंह ने कहा कि सभी व्यक्ति को एलआईसी की पॉलिसी लेनी ही चाहिए। एलआईसी धनकी गारंटी देता है और पॉलिसी धारकों एवं उनके परिवारों को जीने की आजादी देता है। बचपन से लेकर रिटायरमेन्ट तक के लिए एलआईसी के पास योजनाएं हैं और ढलते जीवन का समय हो, बच्चों की शिक्षा के लिए हो, बेटियों की शादी के लिए हो या फिर जीवन में खुशियां बिताने के लिए, एलआईसी हर जगह-हर समय साथ देता है। एलआईसी... धन कुबेर है
एलआईसी... खुशियों का घर है।

## संतोष सिंह से साक्षात्कार-

**प्रश्न- लोगों के लिए एलआईसी कितना जरूरी है?**

**उत्तर** - संतोष सिंह ने कहा बच्चे के जन्म से लेकर सीनियर सिटीजन हर वर्ग के लोगों के लिए एलआईसी जरूरी ही नहीं बल्कि अपरिहार्य भी है। बचत से जीवन में सुरक्षा का भाव आता है। बीमा कराना है तो सिर्फ एलआईसी सबसे विश्वसनीय और दुनिया की सबसे बड़ी बीमा कंपनी है। एलआईसी में धन की गारंटी होती है। मुखिया की मृत्यु के बाद उनके आश्रितों को आर्थिक संबल मिलता है। इस लिए तो कहा गया है: एलआईसी - जीवन के साथ भी, जीवन के बाद भी।

**प्रश्न- बीमा क्षेत्र में निजी कंपनियां भी आ गई हैं तो एलआईसी ही क्यों?**

**उत्तर** - संतोष सिंह ने कहा कि आज बीमा क्षेत्र में सैकड़ों निजी कंपनियां आ गई हैं और प्रतिस्पर्धा भी बढ़ी है, लेकिन एलआईसी जैसी विश्वसनीय कंपनी पूरी दुनिया में नहीं है। यहां धन की सुरक्षा की गारंटी मिलती है।

**प्रश्न - आज बाजार में म्युचुअलफंड का ट्रेंड चल पड़ा है, आप क्या कहना चाहेंगे?**

**उत्तर** - इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि म्युचुअलफंड - सही है, अच्छा रिटर्न भी आता है, लेकिन सभी को सबसे पहले एलआईसी ही कराना चाहिए और उसके बाद एसआईपी सहित अन्य विकल्प के लिए सोचना चाहिए। म्युचुअल फंड शेयर बाजार पर निर्भर होता है, लेकिन रिटर्न अच्छा मिलता है।

**प्रश्न - क्या आप एलआईसी के अलावा एसआईपी की भी सेवा देते हैं?**

**उत्तर** - आज बाजार में म्युचुअल फंड - एसआईपी का ट्रेंड चल पड़ा है। समय के अनुसार यदि हम नहीं बदले तो पीछे रह जाएंगे, इसलिए म्युचुअल फंड सहित जनरल इंश्योरेंस (मोटर -वाहन इंश्योरेंस) एवं हेल्थ इंश्योरेंस की भी सेवा प्रारंभ कर दी गई है और मेरा कार्यालय निवेश- शॉप नं-17, बजाज कॉर्पोरेट प्लाजा घंटाघर रोड कोरबा में एक ही छत में ये सभी सुविधाएं चार कर्मचारियों की मदद से लोगों को दी जा रही है और इसका रिस्पांस भी अच्छा आ रहा है। कोरबा से ही छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से भी लोग मेरी सेवा ले रहे हैं और अब तक हजारों लोग मेरी सेवा पर विश्वास कर रहे हैं।

**प्रश्न- एलआईसी के क्षेत्र में आपकी सेवा कितने वर्ष से चल रही?**

**उत्तर** - मैंने 25 वर्ष पूर्व एलआईसी के क्षेत्र में कैरियर प्रारंभ किया था और आज 8 हजार से अधिक पॉलिसी धारकों का विश्वास है। लगातार विश्वास बढ़ता जा रहा है और अब तक मैंने 150 करोड़ से अधिक का प्रीमियम जमा कर देश की प्रगति के लिए अपनी छोटी सी भूमिका पॉलिसी धारकों के माध्यम से निभाया है। पॉलिसी धारक भी एक राष्ट्रभक्त होते हैं और देश सेवा में उनका भी योगदान रहता है। एलआईसी अभिकर्ताओं के साथ पॉलिसीधारकों के जीवन को खुशहाल बनाता है।

### सफलता के लिए जुनून जरूरी-आशीष



एसएससी के डायरेक्टर एवं समाज सेवी अशीष अग्रवाल ने कहा कि सफलता के लिए जुनून जरूरी है। संतोष सिंह को अपने काम के प्रति जुनून देखकर अच्छा लगता है। उसकी सेवा भी सर्वश्रेष्ठ है।

### संतोष को श्रेष्ठ से सर्वश्रेष्ठ करने की चाहत- विशाल



पॉलिसीधारक इंजीनियर एवं समाजसेवी विशाल केलकर ने संतोष सिंह की बड़ी उपलब्धि पर कहा कि संतोष को श्रेष्ठ से सर्वश्रेष्ठ करने की चाहत रहती है और यह उपलब्धि इसी का बेहतर परिणाम है।

### व्यवहार कुशलता के कारण मिली नई ऊंचाई- डॉ. सिंह



पॉलिसीधारक एवं एमडी-रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि संतोष सिंह व्यवहार कुशल एलआईसी एजेंट हैं और इसी के कारण उन्हें इस क्षेत्र में नई ऊंचाईयां मिली है।

### व्यक्तित्व विकास से असंभव भी संभव हो जाता है



लब्ध प्रतिष्ठित मोटिवेटर गिनीजबुक वर्ल्ड रिकार्डर डॉ. अजय शेष ने कहा कि व्यक्तित्व विकास से असंभव भी संभव हो जाता है।

### सफलता के लिए कड़ी मेहनत और ईमानदारी जरूरी



सीएसईबी डिस्ट्रिब्युशन के अधीक्षण अभियंता अभिमन्यु कश्यप ने कहा कि संतोष सिंह की सफलता का राज कड़ी मेहनत और काम के प्रति ईमानदारी ने उन्हें कई उपलब्धियां दी है। पॉलिसीधारकों को बेहतर सेवा देने से विश्वास बढ़ा है।








भारतीय जीवन बीमा निगम कोरबा क्र.-01 कोसाबाड़ी के मुख्य जीवन बीमा सलाहकार

मा. श्री संतोष सिंह जी

को लिमरा इंटरनेशनल क्वालिटी अवार्ड से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई...

विनीत एवं सौजन्य : -

भारतीय जीवन बीमा निगम बिलासपुर मंडल

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

-: कार्यालय :-

निवेश- प्रिमियम कलेक्शन सेंटर

अब एक ही छत के नीचे : एलआईसी, म्युचुअल फंड, जनरल इंश्योरेंस, हेल्थ इंश्योरेंस

शॉप नं. 17, बजाज कार्पोरेट प्लाजा, घण्टाघर रोड, कोरबा, मो.: 98271-79598


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक युधिष्ठिर राजवाड़े द्वारा आकाश आफसेट टीपी नगर कोरबा से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com